# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 173 बैकुण्ठपुर, गुरूवार 13 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com

# सरगुजा में तीन दिनों में 35 कोरोना पॉजिटिव, सर्वाधिक अंबिकापुर के

## सभी को मेडिकल कॉलेज सहित जिले के अस्पतालों में कराया गया भर्ती

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में कोरोना संक्रमितों की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ रही है। बुधवार को जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार जिले में 14 नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं, जिनमें अंबिकापुर के 13 पॉजिटिव शामिल हैं। इन्हें शहर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल, यूपीएचसी नवापारा, होली क्रॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लुंड्रा के एक संक्रमित का इंडियन स्पाइनल इंज्यूरीज सेंटर, नई दिल्ली में उपचार चलेगा। इसके पहले वहीं सोमवार 10 अप्रैल को 06 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए थे। मंगलवार 11 अप्रैल को संक्रमितों की संख्या में इजाफा हुआ और 15 नए संक्रमितों की जांच में पहचान हुई। तीन दिनों में कोरोना संक्रमितों की संख्या 35 पहुंच गई है, जिनमें शहर के कोरोना संक्रिमतों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। कोरोना की वापसी का संकेत मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से मॉक ड्रिल के बाद



फाईल फोटो

आवश्यक तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। इधर कोरोना संक्रमण को लेकर अलर्ट जिला व स्वास्थ्य प्रशासन ने कोविड-19 के नियमों को पालन करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। मंगलवार को जारी स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में एक डॉक्टर भी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। कोरोना संक्रमित एक 12 वर्षीय बालक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कोविड वार्ड में भर्ती कराया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए आम जनता में कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने कहा गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा तत्संबंध में निर्देश जारी करके कहा गया है कि सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षण वाले तत्काल कोविड-19 की जांच कराएं। वृद्धों एवं डायबिटिज, उच्च रक्तचाप, कैंसर, किडनी की बीमारियों से ग्रसित एवं कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को भीड़-भाड़ वाले स्थानों में बचने कहा गया है। अगर ऐसे जगहों में जाते हैं तो मास्क लगाने व खांसते-छींकते समय रूमाल या टिश्यू पेपर से मुंह एवं नाक को ढंकने की सलाह दी गई है। सर्दी जुकाम वाले व्यक्तियों के संपर्क में आने से बचने व व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने, समय-समय पर हाथ धोते रहने का पालन करने कहा गया है।

# पीजी कॉलेज परिसर में छात्राओं के बीच चले लात-घूंसे, थप्पड़

### हॉकी मैदान को छात्राओं ने बनाया अखाड़ा, मौके पर पहुंची पुलिस ने दी समझाइश



**शहर के एक निजी कॉलेज व पीजी कॉलेज की छात्राओं के बीच विवाद फिर मारपीट**

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शासकीय पीजी कॉलेज परिसर का हॉकी स्टेडियम, बुधवार की दोपहर अखाड़ा का रूप ले लिया। कॉलेज की छात्राओं के बीच दो गुट में जमकर मारपीट हुई। छात्राओं के बीच गाली गलौज लात-मुक्के व पटकनी का एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें कॉलेज में पढ़ने के लिए आने वाली छात्राएं कभी बाल पकड़ कर तो कभी जमीन में पटक कर शक्ति प्रदर्शन करते नजर आ रही हैं। यहां कुछ लड़के भी मौजूद हैं, जो बीच-बचाव की मुद्रा में देखने को मिल रहे हैं, माहौल एक-दूसरे पर भारी पड़ने जैसा है। इसकी सूचना मिलने पर डॉयल 112 के साथ पुलिस मौके पर पहुंची और इन्हें समझाइश दी। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में से किसी ने फिलहाल थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराया है।

सरगुजा पुलिस लड़कियों, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है, ताकि वे कार्यस्थल हो या स्कूल-कॉलेज वहां किसी भी अप्रिय स्थिति का वे सामना कर सकें। इधर कई ऐसे मामले इंटरनेट मीडिया में सामने आ चुके हैं, जिसमें लड़कियां एक-दूसरे से जमकर मारपीट करते नजर आती हैं। सरेराह ऐसी घटनाओं के सामने आने के बाद कॉलेज परिसर में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति होना नई पीढ़ी के भटकाव को दृष्टिगोचर करा रहा है। बताया जा रहा है कि बुधवार की दोपहर शहर के पीजी कॉलेज परिसर में स्थित हॉकी मैदान में छात्राओं के जिन दो गुटों के बीच मारपीट की घटना हुई, वे पीजी कॉलेज व साईं बाबा कॉलेज की हैं। किसी पुराने विवाद को लेकर ये आपस में उलझ गईं और नौबत थप्पड़ व लात-घूसे की बन गई। साईं कॉलेज की छात्राएं ही पीजी कॉलेज के हॉकी मैदान में पहुंची थीं। वहां मौजूद अन्य छात्र-छात्राओं ने इन्हें छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन इन पर मारपीट का जुनून सवार था। देखा जाए तो पीजी कॉलेज में पढ़ाई की जगह दिनभर छात्र-छात्राओं को क्लास रूम से बाहर टहलने के लिए बनाए गए ट्रैक या पेड़ के नीचे, बाउंड्री में बैठकर समय बिताते देखा जाता है। कॉलेज प्रबंधन को इस दिशा में सख्त कदम उठाने की जरूरत है। कॉलेज परिसर में अनाधिकृत तौर पर किसी का प्रवेश न हो, इसके लिए छात्र संगठनों की मांग पर ड्रेस कोड का भी निर्धारण किया गया है, इसके बाद भी ऐसे हालात सामने आ रहे हैं।

### कॉलेज प्रबंधन को होना पड़ेगा सख्त

कॉलेज की छात्राओं के बीच चले लात-घूंसे के वायरल हुए वीडियो ने देखा जाए तो अभिभावकों की भी चिंता बढ़ा दी है। इंटरनेट मीडिया पर वायरल इस वीडियो को देखने वाले कई तरह के कमेंट कर रहे हैं। छात्राओं के बीच हुई इस मारपीट का वीडियो कुछ छात्र-छात्राओं ने ही बनाया है। सूचना पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने दोनों कॉलेज की छात्राओं को समझाइश दी, जिससे मामला तो सुलझ गया, लेकिन छात्राओं का उच्च शिक्षा प्राप्ति की जगह ऐसा रूख सामने आने के बाद कॉलेज प्रबंधन को सख्त होने की जरूरत है। शहर का इस कॉलेज से कई ऐसी विभूतियां निकली हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अच्छी पहचान बनाई है। कॉलेज की शाख बनी रहे, इस दिशा में पहल की जरूरत महसूस हो रही है।

### पुलिस को भी करनी पड़ेगी मॉनीटरिंग

कॉलेज के नाम पर घर से निकलने वाली कई छात्राएं पढ़ाई के समय झुंड में या तो किसी लड़के के साथ काफी-चाय का घूंट मारते आसपास ही देखने को मिल जाएंगे। कॉलेज परिसर तो हमेशा ऐसे छा-छात्राओं से पटा रहता है। ये किसी अनुमति से कॉलेज परिसर में पढ़ाई की जगह समय बिता रहे हैं, यह पूछने वाला कोई नहीं रहता है। शिक्षा के पवित्र मंदिर में हालात न बिगड़े, इसके लिए पुलिस को भी समय-समय पर इनके बीच पहुंच कर प्रेरक संदेश देने की जरूरत है, ताकि शिक्षा के नाम पर समय पास करने पर विराम लगे। वहीं पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी भी कॉलेज संचालन के समय पर औचक पहुंच कर ऐसे छात्र-छात्राओं की क्लास ले, जो बाहर बैठकर गप हांकते नजर आते हैं।

हॉकी मैदान में लड़कियों के आपस में लड़ने की सूचना मिलने पर मैं वहां गया था। यहां पहले से पुलिस टीम डायल-112 के साथ पहुंच चुकी थी। मौके पर साई कॉलेज की भी कुछ छात्राएं भी थीं। साईं कॉलेज के प्राचार्य को फोन लगाकर उन्होंने इसकी जानकारी दी, तो उन्होंने किसी निजी कार्यक्रम में व्यस्त होने की बात कही।

**डॉ. एसएस अग्रवाल**
**प्राचार्य, पीजी कॉलेज अंबिकापुर**

# सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने सड़क पर जिला व पुलिस प्रशासन

## देर रात आने-जाने वाले संदिग्धों से पुलिस कर रही पूछताछ

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर वासियों के बीच सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से जिला प्रशासन एवं सरगुजा पुलिस शहर की सड़कों पर निकल गई है। मंगलवार की रात हूटर बजाती वाहनों की कतार जब निकली, तो लोग भौचक रह गए। देर रात आने-जाने वाले लोगों को रोककर पुलिस अधिकारियों ने उनसे पूछताछ किया। दरअसल यह शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए सरगुजा पुलिस के द्वारा किया गया ड्रिल था। इन्होंने आम नागरिकों को इस माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि वे किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें एवं अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों की सूचना तत्काल सरगुजा पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर देवें। अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। पुलिस व प्रशासन की ओर से सामाजिक सौहार्द्र एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संयुक्त अपील भी जारी की गई है। शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन के नेतृत्व में सरगुजा पुलिस एवं प्रशासनिक अमला शहर की सड़कों पर आकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहा है। संदिग्ध व्यक्तियों से लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी जिले के पुलिस थाना, चौकी प्रभारियों को दिए हैं। सरगुजा पुलिस ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों में ना आएं। ऐसे लोगों की सूचना तत्काल सरगुजा पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 62668 86061 पर दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सामाजिक सौहार्द्र एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व निर्देशों का पालन करने का आम नागरिकों से आग्रह किया गया है।



### शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन अलर्ट



राज्य शासन के निर्देशानुसार शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने जिला मुख्यालय अंबिकापुर सहित सभी ब्लाक मुख्यालयों में जिला एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम रात्रि गश्त कर रही है। अंबिकापुर में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता स्वयं टीम की निगरानी करते हुए जायजा ले रही हैं। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों से भ्रामक, असत्य बातों व अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा इस प्रकार की सामग्री को सोशल मीडिया में शेयर नहीं करने की अपील की गई है। विकासखंड मुख्यालयों में एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी देर रात तक गश्त करने में लगे हैं, जिससे किसी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### सरगुजा जिले की पहचान शांतिप्रिय एवं सौहार्द्रपूर्ण परंपरा बनाए रखें-कलेक्टर



कलेक्टर कुंदन कुमार ने जिले में बेहतर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की समस्त जिलेवासियों से अपील की है। उन्होंने अपील की है कि सरगुजा जिले की पहचान शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण परंपरा की रही है, इसे बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। आप सभी से अपील है कि किसी प्रकार की भ्रामक या अधूरी खबर, वीडियो अथवा विवादित पोस्ट को ना फैलाएं या प्रसारित करें, जिससे जिले की शांति भंग हो। कोई आपत्तिजनक जानकारी, अफवाह या भ्रामक सूचना संज्ञान में आने पर उसे पहले जांचें एवं सत्यापित करें। उसे आगे ना फैलाएं और तुरंत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना दें। सोशल मीडिया साइट्स फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि पर प्रसारित होने वाली भ्रामक पोस्ट और जानकारी से बचें। सोशल मीडिया साइट्स के एडमिन भी ध्यान रखें कि उनके ग्रुप के सदस्य ग्रुप में किसी भी तरह की भ्रामक खबर, विवादित पोस्ट, सांप्रदायिक सौहार्द्र खराब करने या दो पक्षों में विवाद बढ़ाने, वैमन्यस्ता फैलाने संबंधी कोई भी मैसेज, पोस्ट, चित्रण या वीडियो ना फैलाएं या प्रसारित करें। मीडिया के साथियों से उन्होंने आग्रह किया है कि सम-सामयिक घटना या किसी प्रकार के खबरों के संबंध में अधिकृत स्त्रोत से पुष्टि के पश्चात ही खबर प्रकाशित व प्रसारित करें। जिले में संवेदनशील स्थलों पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार नजर रख रही है। रात्रिकालीन गश्त भी जारी है। उन्होंने कहा है कि जिले में बेहतर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने जिला व पुलिस प्रशासन सख्त और गंभीर है। किसी प्रकार से कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों पर विधि अनुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# वॉटर टेस्टिंग लैब में विद्यार्थियों ने की पानी की सफाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एमएससी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी प्रभारी प्राचार्य डॉ. आरएन शर्मा के मार्गदर्शन में जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला में वॉटर टेस्टिंग की विधियों से अवगत हुए। भौतिकी विभाग के अध्यक्ष शैलेष देवांगन के निर्देशन में विद्यार्थियों ने तीन दिवसीय स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम में पानी में उपस्थित टर्बिडिटी, टीडीएस, पीएच मान, फ्लोराइड, आयरन का परीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पानी में घुलनशील तत्वों के बारे में जाना और पानी के शुद्धिकरण की प्रक्रिया को देखा। विद्यार्थियों को पानी की गुणवत्ता व पेयजल के मानक के बारे में बताया गया। पानी की सफाई, स्वच्छता को बरकरार रखने की तरीके से अवगत कराया गया। जल परीक्षण प्रयोगशाला में शैक्षिक भ्रमण के दौरान केमिस्ट केके मिश्रा, प्रयोगशाला सहायक हनूक राम बड़ा, तकनीकी सहायक राजन ठाकुर ने विद्यार्थियों को तकनीकी जानकारी प्रदान की।

एजेंसी देना है

सीतापुर, वाड्रफनगर, चिरिमिरी

में एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन राशि के साथ संपर्क करें।

दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.

फोन नं. 9826142977, 9714108088

# क्या हुआ तेरा वादा...

# मुख्यमंत्री ने 2019 में कहा था

## यह वर्ष किसानों का, अगला वर्ष कर्मचारियों का



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले छत्तीसगढ़ के 14 नगर पालिक निगम, 44 नगर पालिका परिषद एवं 114 नगर पंचायतों, कुल 172 नगरीय निकायों में कार्यरत समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांग को लेकर विगत वर्षों से संघर्षरत हैं। इनकी मांगों का समर्थन भाजपा जिला अध्यक्ष, निगम के नेता प्रतिपक्ष व विपक्ष के पार्षदों ने धरना स्थल पर पहुंचकर बुधवार को किया। इन्होंने कहा 86 हजार रसोईयों ने प्रदेश सरकार से 240 रुपये रोजाना का मानदेय मांगा, सरकार ने 10 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी किया। 10 दिन में वायदे को पूरा करने की वचन देने वाली सरकार साढ़े चार वर्ष से इनकी मांगों को अनसुना करने में लगी है।

इधर सरकार के विरूद्ध धरने में बैठे प्लेसमेंट कर्मचारियों ने कहा कांग्रेस पार्टी ने अपने जन घोषणा-पत्र के बिंदु क्रमांक 11 एवं 30 में अनियमित, संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, छटनी नहीं करने, आउट सोर्सिंग, ठेका प्रथा बंद करने की प्रतिबद्धता सामने लाई थी। अनियमित संगठन के मंच से 14 फरवरी 2019 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वयं वचन दिया कि यह वर्ष किसानों लिए है, आगामी वर्ष कर्मचारियों का होगा। इस पर खूब तालियां मुख्यमंत्री ने बटोरी, लेकिन चार वर्ष होने को हैं प्रदेश के प्लेसमेंट, ठेका कर्मियों की तकदीर नहीं बदली, वे यथावत हैं। ऐसे में प्लेसमेंट कर्मचारी वादा के विपरीत काम कर रही प्रदेश की कांग्रेस सरकार को उनके वायदों की याद दिलाने धक्के खाने को मजबूर हो गए हैं। इनके द्वारा प्रतिकार स्वरूप सार्वजनिक मंच से वादा के विपरीत उनकी मांगों को अनसुना कर रही सरकार को चुनावी वर्ष में पांच साल पछताने की चेतावनी भी दी है। सरकार की अनदेखी से प्रदेश के नगरीय निकायों के कर्मचारी क्षुब्ध हैं। इन्होंने स्टेट बैंक कलेक्टोरेट शाखा के सामने तीन दिवसीय धरना दिया। धरना के अंतिम दिन बुधवार को रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

### प्लेसमेंट कर्मचारियों की तीन सूत्रीय मांग

0 समस्त नगरीय निकायों से प्लेसमेंट, ठेका प्रथा को समाप्त कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगरीय निकायों में समायोजित किया जाए।

0 नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित किया जाए। 62 वर्ष की आयु तक नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जाए।

0 नगरीय निकायों में कार्यरत किसी भी प्लेसमेंट कर्मी को सेवा से पृथक न किया जाए।

## भाजपा जिलाध्यक्ष व पार्षदों ने प्लेसमेंट कर्मचारियों, रसोइया की मांगों का समर्थन किया



छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के खिलाफ कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ तथा मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ के धरना स्थल पर बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज भाजपा के पार्षद दल सहित समर्थन करने पहुंचे। दोनों कर्मचारी संघों को समर्थन देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी तो आपकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा। वर्तमान कांग्रेस सरकार कर्मचारी हित विरोधी है, इनसे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। निगम के नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज ने कहा कि भूपेश सरकार ने अपने साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में न तो संविदा कर्मियों के लिए कुछ किया और न ही प्लेसमेंट कर्मचारियों के लिए। कर्मचारियों के हित में काम केवल भाजपा सरकार ने ही किया है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मंजूषा भगत, हरमिंदर सिंह टिन्नी, विकास वर्मा, विशाल गोस्वामी, अवधेश सोनकर, सुशांत घोष , विश्वविजय सिंह तोमर, सिकंदर जायसवाल, बबली नेताम सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग

## 0 केरता के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन 0 कार्रवाई के आभाव में आंदोलन की चेतावनी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सुरजपुर।** साप्ताहिक बाजार एवं स्कूल ग्राउंड की भूमि पर किये गए अवैध कब्जे को हटाकर सीमांकन कराए जाने की मांग को लेकर बुधवार को ग्राम केरता के बड़ी संख्या में ग्रामीण यहां कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। जिन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर उक्त अवैध अतिक्रमण पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। इन दिनों प्रशासन अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ अभियान चलाकर जिले के कई जगहों पर अतिक्रमण हटाने में कार्रवाई कर शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करा रहा है। किंतु कई गांवों में ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी राजस्व अमले के द्वारा कार्रवाई की दिशा में पहल नहीं कि जा रही है। जिससे क्षेत्र के उन गांवों के ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी का माहौल है। पिछले कई बार शिकायत पत्र देकर अवैध कब्जा हटाने की मांग कर चुके जिले के प्रतापपुर तहसील अंतर्गत ग्राम केरता के ग्रामीणो ने एक बार फिर क्लेक्टर से शिकायत कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। बार बार के अनुनय विनय से परेशान ग्रामीणों ने इस बार कार्रवाई के आभाव में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। स्कूल ग्राउंड व साप्ताहिक बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे ग्राम केरता के ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिए मांग पत्र में बताया है कि गाँव के बाजार पारा में शासकीय भूमि खसरा न. 980, 933, 985, 975, 976, 977, 974 है। उक्त खसरा नम्बर में ही शासकीय प्राथमिक शाला, शा. माध्यमिक शाला स्कूल है। इस परिसर में स्कूल के बच्चों के लिए खेल मैदान आरक्षित है। साथ ही इसी परिसर में शासकीय उचित मूल्य दुकान का भवन है। उक्त भूमि में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भवन का निर्माण कराया जा रहा है जो निर्माणाधीन है। उक्त निर्माण के लिए भूमि का चयन सही तरीके से नही किया गया है। जिस जगह पर निर्माण कराया जा रहा वो बीच की जगह है। जबकि विभाग के शासकीय उचित मूल्य दुकान के खंडहर भवन के समीप में एक किनारे निर्माण कराया जाना चाहिए था। किन्तु तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा साइड चयन करने में लापरवाही बरती गई है।

वहीं उक्त खसरा नम्बरो में बाहरी व्यक्ति द्वारा भी अवैध अतिक्रमण कर पक्के भवन का निर्माण किया गया है जिसे अन्य लोगो को किराया में दिया गया है। जबकि कुछ मकान निर्माणाधीन है। ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त भूमि में अवैध अतिक्रमण नही हटाया गया तो भविष्य में शासकीय भूमि शासन के योजनाओं के लिए नही मिलेगा साथ ही प्रति गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार की जगह कम हो जाएगी। साथ ही बच्चो के खेलने के लिए स्कूल ग्राउंड नही बचेगा। अतिक्रमणकारियों को मना करने पर राजनीतिक धौस दिखा लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो जाते है। जिसका पुलिस चौकी खड़गाव में पूर्व भी शिकायत किया जा चुका है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि इससे पूर्व भी उनके द्वारा अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर क्लेक्टर को ज्ञापन शौपा गया है। जिसके बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नही की गई है। 15 दिनों के अंदर अगर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई नही करता है तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।



## बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के परिपालन में जिले में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता 01 अप्रैल 2023 से प्रारंभ की गई है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के शिक्षित बेरोजगार युवा इस योजना का लाभ लेने के लिए शासन की वेब पोर्टल berojgaribhatta.cg.nic.in पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। वेब पोर्टल पर आवेदन किये जाने के उपरांत आवेदक को विभाग द्वारा सत्यापन स्थल एवं तिथि/समय की सूचना स्स्/दूरभाष के माध्यम से दी जाएगी। इसके उपरांत निर्धारित कलस्टर समितियों द्वारा उक्त आवेदनकर्ता के दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। कलस्टर समितियों द्वारा सत्यापन एवं बैंक खातों के सत्यापन उपरांत पात्र आवेदकों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित प्रतिमाह राशि 2500 रुपये आवेदक के बैंक खाते में अंतरित किया जायेगा। आवेदक बेरोजगारी भत्ता हेतु किसी भी जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलरामपुर अथवा सर्व जनपद पंचायत/नगर पंचायत से संपर्क कर सकते हैं। बेरोजगारी भत्ता के लिए अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी तथा 01 अप्रैल 2023 की स्थिति में आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए साथ ही आवेदक 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा रोजगार कार्यालय में पंजीयन 02 वर्ष पुराना होना चाहिए। आवेदक की आय का कोई स्त्रोत ना हो तथा आय प्रमाण पत्र आवेदन तिथि से 01 साल के भीतर बना होना चाहिए।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक ने एनीकट में कूदकर किया आत्महत्या



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** पिछले कुछ वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक ने मोहरा एनीकट में कूदकर आत्महत्या कर लिया है। युवक का शव घण्टों मशक्कत उपरांत आज सुबह एनीकट के पहले गेट के पास से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र डीएमक्यू कालोनी क्वार्टर नंबर 140 निवासी कालरीकर्मी सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा का 19 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार विश्वकर्मा पिछले 2-3 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य चल रहा था, जिसका उपचार परिजन द्वारा कराया जा रहा था। युवक मंगलवार की शाम करीब 6 बजे घर से बाइक लेकर निकला और अपने मित्र सूरज के मोबाईल पर वाट्सअप मैसेज भेजा कि शायद मैं डेम में कूद जाऊं। युवक के मित्र द्वारा तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर जाकर देखा तो युवक का चप्पल पानी में ऊपर दिखाई पड़ा और बाइक वहीं पर खड़ी थी। बुधवार की सुबह गोताखोरों के सहयोग से पुनः युवक की शिनाख्त शुरू की गई तब युवक का शव एनीकट के पहले गेट के पास बरामद किया जा सका। पुलिस द्वारा शव पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्गकायम कर विवेचना शुरू कर दिया है।

## टवेरा चालक से तीन युवकों ने मारपीट कर लूटपाट की

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कोरबा नगर के सीतामढ़ी क्षेत्र में हुई एक घटना में टवेरा चालक से तीन युवकों ने मारपीट करने के साथ लूटपाट की और भाग गए। चालक ने किसी तरह खुद की जान बचाई । कोतवाली पुलिस को उसने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। हुलिया के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ पुलिस कर रही है।

रेलवे स्टेशन चांपा के नजदीक रहने वाला राजकुमार पेशे से ड्राइवर है। वह अपनी भाभी को जमनीपाली छोड़ने के बाद चांपा जाने के लिए निकला था। उसके बताएं अनुसार सीतामढ़ी क्षेत्र में एक वाहन से बचने के लिए टवेरा को हेल्पर साइड में दबाया गया। इसके तुरंत बाद मौके पर खड़े तीन युवकों ने उसके साथ हुज्जतबाजी शुरू कर दी। शनि मंदिर मार्ग पर बदमाशों ने उससे मारपीट की और मोबाइल के अलावा नगदी रुपए लूट लिए।

लूटपाट करने वालों ने इसके बाद गौ माता चौराहा तक राजकुमार का पीछा किया। घटना को अंजाम देने वाले शक्ल से ही बदमाश नजर आ रहे थे। पीड़ित पक्ष के द्वारा मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस ने इस मामले में आगे की कार्रवाई शुरू की है

## भाजयुमो अंबिकापुर विस के सूरज बने सह प्रभारी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष



अरुण साव, संगठन महामंत्री पवन साय, युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी विजय शर्मा की सहमति पर भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष रवि भगत द्वारा के सहमति से विश्रामपुर के युवा नेता सूरज सेठी को अंबिकापुर विधानसभा का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। वर्तमान में श्री सेठी भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं।

## 33 स्टेट सेक्टर में राज्य उत्पादन कंपनी छठवें स्थान पर

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** देश भर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने सर्वश्रेष्ठ विद्युत उत्पादन में छठवां स्थान प्राप्त किया है। केंद्र सरकार का उपक्रम सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथारिटी सीईए नई दिल्ली ने विभिन्ना प्रदेशों के 33 स्टेट सेक्टर में छत्तीसगढ़ विद्युत जनरेशन कंपनी को बेहतर परफार्मेंस के लिए यह रैंकिंग दी है। कंपनी ने स्टेट सेक्टर में 71.19 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर पीएलएफ के साथ यह उपलब्धि हासिल की।

सीईए नई दिल्ली हर साल विद्युत कंपनियों की रैंकिंग जारी करता है। वर्ष 2022-23 की अंतरिम रिपोर्ट में यह शीर्ष सीईए ने रैंकिंग दी है। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं ऊर्जा विभाग के सचिव व पावर कंपनी के चेयरमेन अंकित आनंद ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक संजीव कुमार कटियार ने बताया कि उत्पादन कंपनी के सभी संयंत्रों ने तमाम चुनौतियों के बावजूद बेहतर प्रदर्शन किया है, इसका श्रेय अधिकारी-कर्मचारियों को जाता है। कंपनी भारत के अन्य ताप विद्युत गृहों की तुलना में कम लागत में बिजली का उत्पादन करती है। जनरेशन कंपनी के डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र डीएसपीएम कोरबा पूर्व के 250 मेगावाट के दो यूनिट का प्लांट लोड फैक्टर पीएलएफ 83.30 प्रतिशत रहा।

इसी तरह हसदेव संयंत्र का प्लांट लोड फैक्टर पीएलएफ 82.51 प्रतिशत रहा। यहां 210 मेगावाट के चार यूनिट व राज्य बनने के बाद 500 मेगावाट का एक यूनिट स्थापित है। इन पांचों यूनिट को एक संयंत्र माना जाता है और इसकी रैंकिंग संयुक्त रूप से हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा के नाम से की जाती है।

## एशिया के दूसरे सबसे बड़े मुर्गी फार्म से गांव वाले परेशान, धरने पर बैठे ग्रामीण

**बेमेतरा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में मक्खी-मच्छर और बदबू से परेशान ग्रमीणों ने मुर्गी फार्म के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। यह फार्म ग्राम मुलमुला से चलाया जा रहा है और एशिया के दूसरे नम्बर पर आता है। लेकिन इस फार्म की गंदगी से गांव के ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। जिसके कारण सभी ग्रामीण मुर्गी फार्म को पूरी तरह से बंद करवाने के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे है। वहीं गुस्साएं गांव के लोगों को देखते हुए जिले में पुलिस बल तैनात है। इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत मुलमुला के ग्रामीणों ने बताया कि मुर्गी फॉर्म को बंद करना चाहिए।

## सिहावा विधायक शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचीं

**नगरी। छ.ग. फ्रंटलाइन।** ग्राम बोकराबेड़ा में पंचायत द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण कराया जा रहा है जिसमें ग्राम के युवक आत्माराम 29 वर्ष मजदूरी का कार्य करता था जो कि कार्य करने के दौरान भवन के पास लगे हाईटेंशन तार में छड़ के टकरा जाने से करंट की चपेट में आ गया जिसे अस्पताल ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। उक्त घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव उनके निवास में पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया एवं मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर उनके परिजनों को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना किए। उक्त अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी लखन लाल ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलर गांव के अध्यक्ष कैलाश नाथ प्रजापति, शत्रुघ्न साहू, आसकरण पटेल, महेंद्र धेनु सेवक एवं मृतक के परिजन, ग्राम के गणमान्य नागरिक, माताएं एवं बुजुर्ग जन उपस्थित थे।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई, 12 वाहन जप्त

**बिलासपुर, एजेंसी।** देर रात घूमने वाले असामाजिक तत्व व आपराधिक लोगों पर कार्रवाई करने के लिए मंगलवार की रात बिलासपुर पुलिस की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 12 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा 12 वाहन जब्त की गई है।





पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री राजेंद्र जायसवाल,मार्गदर्शन में बिलासपुर के सभी ग्रामीण थाना एवं शहर के निम्नांकित प्वाइंट

गांधी चौक , महाराणा प्रताप चौक , हुंडई चौक, महामाया चौक, मंगला चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग, गुरुनानक चौक, गुम्बर चौक पर सरप्राइज चेकिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

कुल 74 एमव्ही एक्ट की कार्यवाही जिसमे 185 एमव्ही एक्ट में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही की गई इसके अतिरिक्त एमव्ही एक्ट के अंतर्गत 62 प्रकरण मे कार्यवाही की गयी कुल 62 प्रकरण में शमन शुल्क 35100 रुपए लिया गया।

शहर एवं ग्रामीण थाना के सभी मुख्य चौक चौराहे मे 120 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारी हुए चेकिंग मे शामिल काले रंग की सनफ़िल्म कार मे लगाकर चलाने वाले के खिलाफ की गयी वैधानिक कार्यवाही। एक वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर मौके पर ही सन फ़िल्म उतारी गयी और भविष्य मे नहीं लगाने दी गयी समझाईश। जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 12 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही के साथ ही कुल 62 लोगों के विरुद्ध यातायात नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही के दौरान 35100 रुपए शमन शुल्क लिया गया है ।

## बैसाखी पर्व और गिद्धा डांस, प्रतिभागियों ने मचाया धमाल

**बिलासपुर, एजेंसी।** आदर्श पंजाबी महिला संस्था ने बैसाखी का पर्व उत्साह और परपंरागत अंदाज में मनाया। इस दौरान सुनक्खी बैसाखी क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के बीच गिद्धा डांस के प्रतिभागियों ने जमकर डांस किया और पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल बनाए रखने में कामयाबी भी हासिल की। होटल इंटरसिटी का माहौल देखते ही बनता था। बैसाखी पर्व के अवसर पर आदर्श पंजाबी महिला संस्था ने भांगड़ा-गिद्धा के साथ सुनक्खी बैसाखी क्वीन का आयोजन किया। जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में अध्यक्ष पम्मी गुंबर के स्वागत भाषण से हुआ। संस्था की संस्थापिका शशि आहूजा ने समाज की महिलाओं के साथ ही प्रतिभागियों को पर्व की बधाई दी। संस्था की सचिव श्रद्धा खंडूजा,कोषाध्यक्ष रेशम कौर गंभीर, सह कोषाध्यक्ष ज्योति खंडूजा,लक्की चावला ने बैसाखी गीत गाया। नीतू चावला,मीनू भोगल,अंकिता अजमानी,मीनू उबेजा ने गिद्धा कर माहौल खुशनुमा बना दिया। सुनक्खी बैसाखी क्वीन प्रतियोगिता जिसमें अमरप्रीत कौर होरा, चेतना सलूजा,डिंपल छाबड़ा, गुरलीन कौर अजमानी,



गुरजीत कौर छाबड़ा, हरलीन कौर सलूजा, हरप्रीत कौर अरोरा, जसदीप कौर सलूजा, नीतू सलूजा, प्रीति सलूजा, रसजीत कौर छाबड़ा, रीमा टुटेजा, संजीत छाबड़ा, शालू छाबडा, श्वेता छाबड़ा, सोनल सलूजा, सुमित कौर छाबड़ा, तनवीत कौर होरा, विभा उपवेजा ने रैंप वाक कर अपने टैलेंट का जमकर प्रदर्शन किया। रैंप पर किए गए प्रदर्शन के बाद विजेता के नाम की घोषणा की गई। हरप्रीत कौर अरोरा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सुनक्खी बैसाखी क्वीन का खिताब हासिल किया। प्रथम रनर अप रीमा टुटेजा सेकेंड रनर अप रिंकल सलूजा रहीं। इन्हें क्राऊन, सैशे पहना कर पुरस्कार एंव सर्टिफिकेट्स दिये गये। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

अवि अजमानी एंव अंकिता मक्कड़ ने गिद्धा डांस कर खूब वाहवाही लूटी। सिम्मी,जसदीप, पूर्वी सलूजा,विन्सी सलूजा,हरप्रीत होरा ने गिद्धा भांगडा कर कार्यक्रम में रौनक बिखेर दी। सभी को आकर्षक पुरस्कार से नवाजा गया।

पम्मी गुंबर एंव शशि आहूजा कलाकारों के अलावा कार्यक्रम में विशेष सहभागिता के लिए रंजीत कौर दुआ, सुरजीत कौर सलूजा,रानी छाबड़ा,अंजली सलूजा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन बिन्नी सलूजा,सुनिता चावला,कृतांशा गुंबर,सिमरन टुटेजा ने किया। सचिव श्रद्धा खंडूजा ने आभार व्यक्त किया। हरजिंदर अजमानी,अमृत गुंबर, जगदीश सलूजा, उषा सलूजा, सुमन राजपाल, पूनम छाबड;ा, प्रीति सलूजा, मधु छाबड;ा, मंजू खंडूजा, कुलबीर सलूजा, रेखा अजमानी, कमल सलूजा, मालती अरोरा, बिन्नी गंभीर, पूनम सलूजा, मंजीत सैनी, रीता होरा, जया मोटवानी, निक्की कालरा एवं निकिता अजमानी, रानी छाबड़ा, ऊषा टुटेजा, रिन्की गान्धी, रूबी वाधवा, बलजीत कौर अजमानी, दलजीत कौर मक्कड़, रनबीर टुटेजा, दलजीत कौर सलूजा, मीना गुम्बर रश्मि छाबडा, रोमी सलूजा, मीत कौर गंभीर, रश्मि गुम्बर सिम्मी अजमानी, सतिंदर चतरथ, जीत उपवेजा, लक्ष्मीत टुटेजा, निर्मलजीत छाबड़ा।

## डॉक्टरेट से सम्मानित हुए जतिंदरपाल सिंह

**चांपा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** सामाजिक गतिविधि कार्य को देखते हुए और समाज के क्षेत्र में उत्थान हेतु विशेष पहल के कार्यों का संकलन करते दिनांक 7 अप्रैल दोपहर 2:30 बजे द ऑफ आर्ट थियेटर फरीदाबाद दिल्ली में एमबीआर अवार्ड के द्वारा भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के जतिंदरपाल सिंह को मानद डॉक्टरेट पुरस्कार से सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें लगातार सामाजिक कार्यों के प्रति उत्कृष्ट कार्यों को देखते और मानव हित पर सेवा भाव से कार्य करते उन्हें डॉक्टरेट मानद से सम्मान किया गया। सिंह पहले भी कई सम्मान से सम्मानित हो चुके है। जतिंदर पाल सिंह द्वारा कहा कि मैं किसी आवश्यक कार्य के कारण इस अवसर पर शामिल नहीं हो पाया जिसका मुझे बहुत खेद है जिसके कारण मुझे यह सम्मान मुस्तक प्रेषित किया गया इसके लिए मैं एम बी आर को बहुत बहुत धन्यवाद देता हू जो मुझे इस सम्मान के लायक समझते इस सम्मान से सम्मानित किए । यह मेरे लिए बहुत बड़े सम्मान की बात है की नाम के साथ डॉक्टर टाइटल का जुड़ना मन में एक बेहतर ऊर्जा का संचार करता है। साथ ही यह भी कहे कि एक सिक्ख सदा समाज में अपना योगदान जरूर देता है और सेवा को हमेशा आगे रखा गया है । और सामाजिक गतिविधियों में सदा कार्य करने व एक पहचान मुझे राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो में आने से मिली और छत्तीसगढ़ में टीम के सहयोग से सदा उत्कृष्ट कार्य होते इस सम्मान के लिए साथ ही अपने एनएचआरसीसीबी और छत्तीसगढ़ टीम का आभार प्रकट करता हू जिनके साथ से आज यह अवसर प्राप्त हुआ ।

# कलेक्टर रवि मित्तल ने गोधन न्याय योजना के संबंध में ली बैठक

## बेरोज़गारी भत्ता का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को देने के लिए कहा

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव सभी जनपद पंचायत सीईओ और कृषि विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान गोबर खरीदी,खाद बनाने में प्रगति, सोसायटी के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय गोबर खरीदी का भुगतान सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किए। उन्होंने पत्थलगांव जनपद पंचायत सीईओ तुलसीराम मरकाम और एसडीओ जी एस ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।और गोबर खरीदी में प्रगति लाने के लिए सख्त हिदायत दी है। और कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के लिए कहा है। कलेक्टर ने सोसायटी के माध्यम से खाद का विक्रय करवाने के निर्देश दिए हैं। और गोधन न्याय योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनोरा जनपद पंचायत सीईओ और एसईडीओ कांसाबेल विकास खंड के जनपद पंचायत सीईओ और एसईडीओ दुलदुला विकास खंड के जनपद पंचायत सीईओ और एसईडीओ फरसाबहार के जनपद पंचायत सीईओ और एसईडीओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता के संबंध में सभी जनपद पंचायत सीईओ से जानकारी लेकर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ शतप्रतिशत देने के लिए कहा है। उन्होंने गोबर खरीदी का भुगतान और वर्मी कम्पोस्ट खाद का भुगतान भी प्राथमिकता से करने के लिए कहा है।



# मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाकात के दौरान गौठान में सरसों तेल पेराई यूनिट स्थापित करने के दिए थे निर्देश

## जिला प्रशासन ने खनिज न्यास निधि मद से पंडरापाठ और नन्हेसर में लगाया यूनिट

**गौठानों में महिलाओं को मिला रोजगार, महिलाओं को तेल विक्रय से 33 हजार रुपए का हुआ शुद्ध लाभ**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जशपुर जिले में भेंट मुलाकात के दौरान बगीचा विकासखण्ड के गौठान की स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरसों तेल पेराई यूनिट की स्थापना करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के सार्थक प्रयास से खनिज न्यास निधि मद से तेल पेराई मशीन पंडरापाठ और नन्हेसर के गौठान में लगाया गया है। गौठान में महिलाओं को स्वयं का आजीविका का साधन मिला है और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन गए है। महिलाओं ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा गौठानों में विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही है। और प्रत्यक्ष लाभ महिलाओं को मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नन्हेसर गौठान की लक्ष्मी स्व सहायता समूह महिलाओं को तेल मील दिया गया है। इस तेल मिल से समूह की महिलाओं ने 120 लीटर तेल निकाला है एवं इस तेल को 200 रु. प्रति लीटर की दर से विक्रय करके आर्थिक लाभ ले रही है। स्व सहायता समूह की महिलाओं को विक्रय से 24 हजार रु. का लाभ भी प्राप्त हुआ है और 450 किलो खली के विक्रय से 9 हजार रु. की आमदनी भी प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय जिले के सभी विकास खंडों के विभिन्न ग्रामों में गौठान बनाए गए है। जहां पर गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर की खरीदी की जा रही है और महिलाओं द्वारा वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में गांव की महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं भी अपना हाथ बटा रही है। उनके द्वारा वर्मी कम्पोस्ट की छनाई के अलावा गौठान की भूमि में साग-सब्जी की खेती की जा रही है। जिससे उनको अतिरिक्त आमदनी का जरिया बना हुआ है।

# कोविड-19 के नियंत्रण को लेकर मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली बैठक

**कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के नियंत्रण हेतु पूरी तैयारी रखने के दिए निर्देश**

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण व आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सभी संभागों के आयुक्तों, सभी कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और सीएमएचओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने कोरोना वायरस के नियंत्रण के संबंध में जिले की स्थिति की जानकारी ली। जशपुर स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर एवं स्वस्थ आमला वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। मुख्य सचिव ने कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने,टेस्टिंग बढ़ाए जाने के भी निर्देश दिए तथा जरूरत के आधार पर ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने निर्देशित किया।





# सूअरों में स्वाइन फिवर रोग से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान 23 मार्च से प्रारंभ होगा

## अब तक 5562 सूकरों का किया जा चुका है टीकाकरण


छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** सूअरों को स्वाइन फीवर रोग से बचाने हेतु विशेष टीकाकरण अभियान जिले में 23 मार्च 2023 से प्रारंभ किया गया है, जिसमें जशपुर जिले के समस्त विकास खंडों में विशेष दल बनाकर टीकाकरण कार्य संपन्न किया जा रहा है। पशु विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले को 32315 का लक्ष्य प्राप्त है, जिसमें अब तक 5562 सूअर का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वाईन फिवर सूअरों में होने वाला अत्यंत संक्रामक रोग है, जिसमें पशु को तेज बुखार के साथ त्वचा में गोल-गोल चकत्ते हो जाते हैं, पशु को बार-बार झटका आना, धीरे-धीरे पशु रोग के प्रकोप में आकर शारीरिक रूप से अत्यंत कमजोर हो जाता है तथा 15 दिवस के अंदर उसकी मृत्यु हो जाती है। जिससे सूकर पालक को आर्थिक नुकसान होता है। उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. ए. के. मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया है कि स्वाइन फीवर रोग का कोई निश्चित उपचार नहीं है, टीकाकरण ही इस बीमारी से बचाव के लिए सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने सभी सूअर पालकों से अपने पशुओं को स्वाइन फीवर टीका लगवाने का आग्रह किया है। रोग से ग्रसित हो जाने पर पशुओं को पशु चिकित्सक के परामर्श पर दवा देने के लिए कहा है।





# कलेक्टर ने पहाड़ी कोरवा लोगों का प्राथमिकता से जाति बनाने के दिए निर्देश



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व की लंबित प्रकरण बंटाकन सीमांकन नांमातरण आरबीसी 6-4 के प्रकरण मुआवजा वितरण जाति प्रमाण पत्र भू-अर्जन के प्रकरणों खाता विभाजन स्वेच्छा अनुदान और भूमि-आबंटन की गहन समीक्षा किए और आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों का प्राथमिकता से जाति प्रमाण पत्र राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा है। उन्होंने एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए ग्राम सभा से अनुमोदन करा करके विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनवाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सभी एस डी एम और राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / ब–121 / 2022–23
ईश्तहार
आवेदक / आवेदिका गोन्दहा आ0 प्रान साय जाति घसिया, निवासी दतिमा ग्राम दतिमा प0ह0नं0 .... तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने पिता गोन्दहा मृत्यु दिनांक 20.10.2006 का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 12.04.2023 शुक्रवार को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
तहसीलदार,
सूरजपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र.– 202303021200064 / अ–6 / 2022–23
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र सिंह आ0 सूर्यदेव सिंह, उम्र 46 वर्ष, जाति क्षत्रिय, निवासी– जेलरोड़ बाबपारा नगर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक / विक्रेता नर्वदेश्वर, कुलदीप, रामप्रवेश आ0 बन्धन मेहता, निवासी– बाबुपारा, नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 09, मोहल्ला– बाबुपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 3478 / 9 रकबा 0.02 एकड़ भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 3478 / 9 रकबा 0.02 एकड़ भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 22.03.2023 के द्वारा अनावेदक / विक्रेता नर्वदेश्वर, कुलदीप, रामप्रवेश आ0 बन्धन मेहता, निवासी– बाबुपारा, नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 22.03.2023 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109, 110, छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26.04.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# पुलिस की नाक के नीचे चल रहा कबाडऋ का गोरखधंधा



**पत्थलगांव।** आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों शहर हो या गांव के गली मोहल्लों में जगह-जगह कबाड़ खरीदने वाले देखे जाते है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि दूसरे प्रदेश से लोग आकर के कबाड़ का कार्य कर चोरी का सामानों को खपाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है । पत्थलगांव थाने के नाक के नीचे इस तरह की कबाड़ी का धंधा चालाया जा रहा है लेकिन पुलिसिया कार्यवायी नही होने से कबाड़ीयों हौसलें सातवें आसमान पर है। यूं कहें तो पुलिस कार्यवायी न के बराबर होती रही है। सूत्रों की माने तो कई थानों में इनकी मंथली बंधी होती है जिससे इनकी वाहनों में कोई रोकटोक नही करता है। हां पर यदि किसी थाने में मंथली नही पहुंचती वहां इनकी वाहनों पर कार्रवाई या खड़ी करवा दी जाती है। ज्ञात हो कि आसपास के विभिन्न स्थानों पर कबाड़ का धन्धा चालाया जा रहा है। सरकारी कबाड़ के समानो सहित चोरी का समान समय समय पर इस काबड़ी के दुकान में खपने का अंदेशा है। क्योकिं आजकल ऐसी ऐसी मशीनों का उपयोग होने लगा है जिससे मिनटों में सामन का कचुम्बर बन जाता है। ऐसे में समान की कोई पहचान भी नही हो पाती। देखा जाए तो ये सब समान बड़े शहरों के कबाड़ के काम करने वाले को भेज दिया जाता है जहां इसे गलाकर लोहे के अन्य सामान बना बाजार में विक्रय किया जाता है। वही दूसरी ओर सरकारी कार्यालयों के भी कबाड़ समानो का भी औने पौने दामों में खरीदारी की जाती है और उनके दामो में बिक्री कर दी जाती है। इतना ही नही दूसरे प्रदेश से आने वाले लोग इस धंधे को बिना रोक टोक के जोर शोर से कर रहे है । पता नही गांव गांव में फैले इन सभी लूना गैंग के लोगों का पुलिस में कोई मुसाफिरी दर्ज होती है या नही। मुसाफिरी नही होने के इन्हें पहचान पाने एवम ढूंढने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। चोर नए-नए क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। बाइक चोरी सहित टावर से बैटरी सहित मंहगी समाग्री की चोरी की जा रही है । इन्हें कबाड़ दुकानों या सम्बंधित अन्य दुकानों में आसानी से खपाया भी जा रहा है। चोरी की घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है। लेकिन, कबाड़ दुकानों में शिकंजा कसने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बड़े बड़े कबाड़ संचालक द्वारा चोरों से सांठ गांठ कर चोरी की सामानों को खपा लिया जाता है । इतना ही नही उसे चोरी करने में अजौर सहित अन्य समानों से भी मदद करती है। ऐसा लगता है मानो पुलिस के संरक्षण में कबाड़ी खुलेआम कारोबार कर रहा है। पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी करती है। यह भी स्पष्ट है कि पुलिसकर्मी द्वारा कबाड़ी पर किसी तरह का कार्यवाई न करना पुलिस सांठ गांठ को जेहन में शक पैदा करती है। इनके जिले के थानो के साथ साथ अन्य जिलों के थानों से सेटिंग होने की बात सामने आती है।

## स्टाक रजिस्टर से चल रहा धंधा

सूत्रों की माने तो कबाड़ दुकानों में ज्यादातर चोरी का माल खपाया जाता है। इसके बावजूद कबाड़ दुकान खोलने के लिए कोई कड़ा नियम कानून नहीं बनाया गया है। सिर्फ एक स्टाक रजिस्टर बनाकर दुकान संचालित किया जाता है। स्टाक रजिस्टर में खरीदी-बिक्री किए गए सामान को दर्ज कर कारोबार करते हैं। समय-समय पर कबाड़ दुकानों पर छापामार कार्रवाई करते तो कारोबाड़ी में भय बनता । ऐसा नही होने से उनके हौसले बुलंद होता जा रहा है।

न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202303260600154 / अ–6 / 2022–23
महेश्वरी वगैरह प्रति शासन
आम जनता ग्राम गोपालपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण महेशवरी पति किशनाथ पुत्री स्व0 दारेगी वगैरह जाति गोड़ निवासी ग्राम गोपालपुर तहसील सूरजपुर जिला सुरजपुर छ.ग. द्वारा अपने पिता दारेगी कि मृत्यु होने के कारण उसके नाम कि भूमि ग्राम गोपालपुर तहसील सुरजपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 280 / 1, 294 / 1 रकबा 0.063, 0.051 हे0 भूमि को वारिशान हक में अपने नाम पर फौती नामान्तरण दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र ऑनलाईन दर्ज कराने से मामला विवादित होने से निराकृत हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति दावा दिनांक 17.04.2023 को स्वतः अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
तहसीलदार,
सूरजपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर, जिला सूरजपुर, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–2 / 2022–23
ईश्तहार
एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम गणेशपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जाहन्वी सिंह पति प्रमोद कुमार सिंह जाति क्षत्रिय, निवासी ग्राम शिवधारी कॉलोनी अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम– गणेशपुर, प.ह.नं.– 21 रा.नि.मं.– पिलखा, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा क्र. 841 / 2, 842 / 2 रकबा क्रमशः 0.030, 0.030 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त सम्बन्ध में ग्राम गणेशपुर के जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20.04.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 06.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

# कलेक्टर डॉ. मित्तल ने किया निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

**निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, पी.एम.जी.एस.वाई, एम. एम. जी. एस. वाई. सहित अन्य निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्द्र यादव एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी निर्माण कार्यों की पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने कुनकुरी-तपकरा-लवाकेरा एवं चराईडांड़-बगीचा मार्ग सहित जिले में चल रहे सभी सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाकर समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र कार्यवाही कर वर्कआर्डर प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेशनल हाईवे अंतर्गत बन रहे कुनकुरी पत्थलगांव मार्ग के कार्य में प्रगति लाने के कहा। उन्होंने पी. एम. जी.एस. वाई, एम.एम. जी.एस. वाई अंतर्गत बनाए जा रहे विभिन्न सड़क मार्गों का भी निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# जिला पंचायत सीईओ ने आरा, बोकी, गिराग के छत्तीसगढ़ सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के विगत दिवस 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने आरा, बोकी, गिराग गांव में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को गंभीरता से सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए और ऑनलाइन से सही-सही जानकारी भरने के लिए कहा है। जिले के सभी विकासखंड के गांव-गांव जाकर सर्वेक्षण टीम सर्वे कार्य कर रही है। प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सर्वेक्षण दलों को मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए।



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर, जिला सूरजपुर, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–2 / 2022–23
ईश्तहार
एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम गणेशपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अजय कुमार सिंह आ0 स्व. कमला सिंह, जाति क्षत्रिय, निवासी ग्राम शिवधारी कॉलोनी अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम– गणेशपुर, प.ह.नं.– 21 रा.नि.मं.– पिलखा, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा क्र. 841 / 2, 842 / 6 रकबा क्रमशः 0.020, 0.040 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त सम्बन्ध में ग्राम गणेशपुर के जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20.04.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 06.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–2 / 2022–23
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रंजीता कुजूर पत्नी अनिल कुजूर जाति उरांव, निवासी ग्राम / नगर फुन्दुरडिहारी, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित– ग्राम फुन्दुरडिहारी, तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 22 / 2 रकबा 0.040 हे. भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी–1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 27.04.2023 को मेरे न्यायाल में अथवा अधिक्षक भू–अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 12.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर, जिला सूरजपुर, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–2 / 2022–23
ईश्तहार
एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती लीलावती पति कमलभान, जाति–तेली, निवासी ग्राम / नगर पंपापुर, तह.– रामानुजनगर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम– सूरजपुर, प.ह.नं.– 08 रा.नि.मं. – सूरजपुर, तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा क्र. 2376 / 7 रकबा 0.012 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त सम्बन्ध में ग्राम सूरजपुर के जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20.04.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 06.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–6 / 2022–23
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय श्रीवास्तव आ0 राधिका रमण श्रीवास्तव जाति कायस्थ, निवासी– सत्तीपारा अम्बिकापुर के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मोहल्ला देवीगंज रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 03 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1037 / 2, रकबा 0.03 1 / 2 एकड़ में से रकबा 78ग14.2 त्र 1107.6 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 26.03.2023 के माध्यम से विक्रेता बलदेव प्रसाद सोनी आ0 स्व0 साधु साव सोनी निवासी सत्तीपारा वार्ड अम्बिकापुर से क्रय करने के कारण संहिता की धारा 109, 110 के तहत अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ पंजीबद्ध विक्रय पत्र की पेश की गई है। अतः उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10.05.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 10.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## चिंतन

# अरुणाचल को लेकर चीनी हिमाकत असह्य

अरुणाचल पर चीन की हिमाकत को भारत कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। चीन को अच्छे से समझ लेना चाहिए कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अरुणाचल प्रदेश के दौरे की चीन द्वारा आलोचना करना भारत के लिए असह्य है। भारत अपने भूभाग पर कहीं भी कुछ भी करने को स्वतंत्र है। चीनी संप्रभुता चीन के अपने भूभाग को लेकर है, भारत ने कभी भी दूसरे मुल्क के भूभाग को लेकर दावा नहीं किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चीन को सही नसीहत दी है कि 'वह युग चला गया जब भारत की भूमि का कोई भी अतिक्रमण कर सकता था और अब कोई इसकी सीमा की ओर देखने का दुस्साहस नहीं कर सकता।' शाह ने चीन सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के किबिथू गांव में 'वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम' (वीवीपी) की शुरुआत की है। थलसेना और भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के पराक्रम ने सुनिश्चित किया है कि कोई भी भारत की एक इंच भूमि तक का अतिक्रमण नहीं कर सकता। किबिथू भारत के सबसे पूर्वी छोर पर स्थित गांव है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन का दावा सरासर झूठ है कि 'जंगनन, (अरुणाचल प्रदेश के लिए चीनी नाम) चीन का क्षेत्र है।' चीन का पुराना पैटर्न है कि पड़ोसी देशो के क्षेत्रों का पहले नाम बदलो, उसके बारे में झूठा इतिहास बनाओ और उस पर अपना दावा ठोको। मकाऊ, शिनझियांग, तिब्बत, अक्साई चिन आदि क्षेत्र चीन ने इसी तर्ज पर गलत तरीके से या धोखे से कब्जाए हैं। दूसरे देशों के क्षेत्र पर कब्जा करने का चीन का इतिहास रहा है। भारत ने पिछले सप्ताह चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का नाम बदलने के कदम को सिरे से खारिज कर दिया था। पिछले सप्ताह, भारत ने कुछ स्थानों का चीन द्वारा पुनः नामकरण करने को सिरे से खारिज करते हुए दोहराया था कि यह राज्य भारत का अभिन्न हिस्सा है और 'मनगढ़ंत' नाम रखने से जमीनी हकीकत बदल नहीं जायेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि ऐसा पहली बार नहीं है कि चीन ने ऐसा प्रयास किया हो और 'हम पहले की तरह इसे खारिज करते हैं। हम अपने रूख पर टिके हुए हैं और 'गढ़े' गए नाम रखने से यह हकीकत बदल नहीं जायेगी। अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन गलत दावा करता रहता है। चीन विश्व में किसी भी देश के लिए कभी भरोसेमंद नहीं रहा है। सभी पड़ोसियों से उसके सीमा विवाद है और जानबूझ कर है। आज चीन ताइवान को आंख दिखा रहा है, जबकि ताइवान का स्वतंत्र वजूद सहमति के समझौते से स्थापित हुआ है। चीन अपनी विस्तारवादी नीति के चलते ताइवान पर नजर गड़ाए हुए है, जबकि चीन कभी ताइवान पर अपना आधिपत्य नहीं जमा पाएगा। भारत के साथ चीन का सीमा पर हमेशा तनाव रहा है। चाहे लद्दाख हो, उत्तराखंड हो, अरुणाचल प्रदेश हो या भूटान सीमा पर ट्राईजंक्शन डोकलाम हो, चीन अतिक्रमण की बार-बार कोशिश करता रहता है। भारत ने हर बार करारा जवाब दिया है। चीन की मंशा कभी भी भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने की नहीं रही है। भारत ने हमेशा चीन के साथ मैत्री चाहा, पंचशील जैसे समझौते किए, लेकिन चीन ने हर बार भारत के पीठ में घुरा घोंपा है, विश्वासघात किया है। भारत अब सतर्क है, समर्थ है, वह किसी भी चीनी चाल को सफल नहीं होने देगा।

# चीन से यूरोप की बड़ी उम्मीदें




कूटनीति
प्रभात कुमार रॉय

**यूरोपीय यूनियन के अनेक राष्ट्रों ने प्रारम्भ में भारत से बड़ी कूटनीतिक उम्मीद लगाई थी कि भारत वस्तुतः यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए कोई सार्थक कूटनीतिक पहल अंजाम देगा। भारत के रूस के साथ अत्यंत मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं और दूसरी तरफ नॉटो राष्ट्रों के साथ भी भारत के मधुर कूटीतिक संबंध कायम रहे हैं। दुर्भाग्य से यूक्रेन युद्ध पर भारत द्वारा केवल शांति और सौहार्द का पैगाम तो दिया जाता रहा, किंतु भारत द्वारा यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की खातिर कोई कारगर कूटनीतिक पहल अंजाम नहीं दी गई। यूरोपीयन यूनियन के अनेक देशों ने भारत की तरफ से निराश होकर अब चीन की तरफ देखना शुरू कर दिया है। मैक्रों चीन गए।**

विनाशकारी यूक्रेन युद्ध को प्रारम्भ हुए एक वर्ष से अधिक वक्त व्यतीत हो चुका है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस उम्मीद के साथ यूक्रेन पर सैन्य धावा अंजाम दिया था कि रुसी सेना कुछ ही वक्त में यूक्रेन की राजधानी कीव पर आधिपत्य स्थापित करके, युक्रेन के राष्ट्रपति वॉल्दोमीर जेलेंस्की को घुटने टेकने पर विवश कर देगी। किंतु ऐतिहासिक नियति को कुछ और ही मंजूर था। यूक्रेनियों के अनुपम वीरता एवं शानदार हौसले और अमेरिका के नेतृत्व में नॉटो राष्ट्रों द्वारा यूक्रेन को आधुनिकतम हथियारों की निरंतर आपूर्ति ने वस्तुतः पुतिन की यूक्रेन को जल्द फतह कर लेने की सैन्य महत्वाकांक्षा को अभी तक पूरा नहीं होने दिया। रूसी सेना द्वारा यूक्रेन के अनेक इलाकों को पूरी तरह से तबाहो बरबाद करके रख दिया है। यूक्रेन युद्ध ने वहीं यूरोप को भी आर्थिक बरबादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

यूरोपीय यूनियन के अनेक राष्ट्रों ने प्रारम्भ में भारत से बड़ी कूटनीतिक उम्मीद लगाई थी कि भारत वस्तुतः यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए कोई सार्थक कूटनीतिक पहल अंजाम देगा। इस उम्मीद का सबसे अहम प्रस्थान बिंदु रहा कि भारत के रूस के साथ अत्यंत मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं और दूसरी तरफ नॉटो राष्ट्रों के साथ भी भारत के मधुर कूटीतिक संबंध कायम रहे हैं। अतः भारत को एकमात्र ऐसा देश समझा गया, जोकि विश्व पटल पर किसी सैन्य गुटबंदी में कभी शामिल नहीं रहा। दुर्भाग्य से यूक्रेन युद्ध पर भारत द्वारा केवल शांति और सौहार्द का पैगाम तो दिया जाता रहा, किंतु भारत द्वारा यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की खातिर कोई कारगर कूटनीतिक पहल कदापि अंजाम नहीं दी गई। यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए यूरोपीयन यूनियन के अनेक देशों ने भारत की तरफ से निराश होकर अब चीन की तरफ देखना शुरू कर दिया है। हालांकि चीन वस्तुतः रूस का निकट सैन्य सहयोगी देश रहा है, जोकि यूक्रेन युद्ध के संपूर्ण दौर में रूस की सेना को अत्याधुनिक अस्त्र शस्त्रों की अबाध आपूर्ति करता रहा है। यहां तक नॉटो सैन्य संगठन के अग्रणी राष्ट्र अमेरिका के साथ चीन का सैन्य तनाव ताइवान के कारण चरम बिंदु पर कायम है। चीन की इस समस्त विवादित पृष्ठभूमि के बावजूद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लियेन चीन की तीन दिन की कूटनीतिक यात्रा पर बीजिंग पधार गए। इस कूटनीतिक यात्रा का स्पष्ट मक़सद है कि विश्व पटल पर चीन को यूक्रेन युद्ध में एक शांति दूत का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह से राज़ी करना। यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोपीय यूनियन और चीन के संबंधों में लगातार आ रही कूटनीतिक निकटता के मध्य फ्रॉंस के राष्ट्रपति और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष की चीन यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण समझा गया है। फरवरी में अमेरिका के वायुक्षेत्र में उड़ रहे चीन के निगरानी बैलून को मार गिराए जाने के कारणवश यूएस और चीन के संबंधों में और भी अधिक तल्खी आ गई है। बीजिंग रवाना होने से पहले राष्ट्रपति मैक्रों ने फोन पर अमेरिकी राष्ट्रपति से बातचीत



की थी और यूक्रेन युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने के कूटनीतिक प्रयासों में चीन को भी शामिल करने पर बाकायदा परस्पर सहमति बन गई है। फ्रॉंस के राष्ट्रपति मैक्रों से पहले जर्मनी के चांसलर ओलॉफ शोल्ज और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने भी हाल में चीन की कूटनीतिक यात्रा अंजाम दी थी। विश्वपटल पर चीन की कूटनीतिक स्थिति का यूक्रेन युद्ध में अत्याधिक महत्व बढ़ गया है। अपनी कूटनीतिक निष्क्रियता के कारण भारत यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में अपने कूटनीतिक महत्व को तकरीबन खो चुका है। वॉशिंगटन पोस्ट की एक ताजा रिपोर्ट में मुताबिक फ्रॉंस के राष्ट्रपति मैक्रों वस्तुतः चीन की वर्तमान कूटनीतिक स्थिति तो परिवर्तित नहीं कर सकते हैं, लेकिन उम्मीद की जा सकती है कि उनके प्रयास से चीन को रूस की तरफ और अधिक झुकने से रोका जा सकेगा। स्पष्ट है कि चीन उन चुनिंदा देशों में, जिसमें भारत भी शामिल रहा है, एक देश है जो यूक्रेन युद्ध में किसी भी दिशा में गेंम चेंजर जैसा निर्णायक प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। चूंकि भारत इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए वैश्विक स्तर पर भारत से अधिक कारगर भूमिका निभाने की उम्मीद की जा रही है, हालांकि यह भारत के लिए भी ऐतिहासिक होता जब जी-20 के अध्यक्ष के नाते भारत रूस व यूक्रेन जंग खत्म कराने की पहल करता। इसके लिए भारत अपनी कूटनीतिक स्थिति का लाभ ले सकता है। मैक्रों के चीन जाने के बाद यूक्रेन की विदेश मंत्री भारत आ रही हैं, इससे भारत का महत्व समझा जा सकता है।

अंतराराष्ट्रीय पटल पर यूक्रेन एक बड़ा सैन्य अखाड़ा बन गया है, जिसमें वैश्विक सैन्य समीकरण तय करने के प्रयास हो रहे हैं। यूक्रेन युद्ध को रोकने की बहुत बड़ी तड़प और बेचैनी समस्त यूरोप में स्पष्ट दिखाई दे रही है और नाटो सैन्य संगठन के कुछ देश इसके लिए कुछ अलग हट कर प्रयास कर रहे हैं। चीन की यूक्रेन युद्ध का निदान करने के लिए कूटनीतिक सक्रियता कुछ यूरोपीय देशों के लिए उम्मीद की किरण लेकर लाई है। फ्रॉंस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की चीन यात्रा पर यूक्रेन संकट के लिहाज से पूरी दुनिया खास तौर से यूरोप की निगाहें लगी हुई हैं। क्या राष्ट्रपति मैक्रों इस दिशा में कुछ भी हासिल कर सकेंगे? राष्ट्रपति मैक्रों की कोशिश रही है कि वह चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग को कूटनीतिक तौर पर राज़ी करें कि वह यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए और अधिक सक्रिय हो जाएं तथा राष्ट्रपति पुतिन को यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए राज़ी करने की कोशिश करें। इससे पहले जर्मनी के चांसलर ओलॉफ शोल्ज और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज भी चिनफिंग से बाकायदा यही गुजारिश कर चुके हैं कि वे यूक्रेन जाकर व्लादिमीर जेलेंस्की से मिलें। खुद जेलेंस्की भी चिनफिंग से यूक्रेन पधारने की गुजारिश कर चुके हैं।

राष्ट्रपति मैक्रों पुतिन को युद्ध रोकने के लिए राज़ी करने की पहले ही नाकाम कोशिश कर चुके हैं, लेकिन फिर भी वह उम्मीद कर रहे हैं कि चिनफिंग संभवतया पुतिन को यूक्रेन युद्ध को खत्मा करने के लिए मना सकते हैं। मैक्रों का मानना है कि वे चीन को रूस की ओर अधिक नहीं झुकने के लिए तो कम से कम मना ही लेंगे। यूक्रेन युद्ध के कारण सारे यूरोप में ऊर्जा संकट और महँगाई चरम बिंदु को स्पर्श कर रही है। यूरोपीय यूनियन के देशों में सरकारों के विरुद्ध जबरदस्त नागरिक प्रदर्शन जारी रहे हैं। यूरोप की आर्थिक व सामरिक स्थिति अमेरिका से अलग है, वह युद्ध लंबे समय तक झेलने की स्थिति में नहीं है। इसलिए भी यूरोप जल्द ही युद्ध खत्म कराने के पक्ष में है। राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन पर निर्णायक विजय हासिल करने पर आमादा रहे हैं। पुतिन द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां दुनिया को तृतीय विश्वयुद्ध में झोंक सकती है।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष

अरुण कुमार कैहरबा



# सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई के अगुवा ज्योतिबा

भारत में तीन प्रमुख विभूतियां हुई हैं, जिन्हें सम्मान के साथ महात्मा कहा जाता है। महात्मा बुद्ध, महात्मा ज्योतिबा फुले और महात्मा गांधी। भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक महात्मा ज्योतिबा फुले 19वीं सदी के ऐसे चमकदार व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने शिक्षा, समाज सुधार, साहित्य, शोषितों की मुक्ति के क्षेत्र में अपने विचारों व कार्यों के जरिये जो रोशनी फैलाई, उससे तत्कालीन समाज तो प्रभावित हुआ ही उसके बाद के समय से आज तक उनका प्रभाव लगातार बढ़ता गया है। महाराष्ट्र के पुणे में जन्मने और सत्यशोधक समाज के जरिये महाराष्ट्र व आस-पास में उनके द्वारा किए गए कार्यों से उनके विचारों की रोशनी आज पूरे देश में फैल रही है। वे भारत में सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई के अगुवा हैं। उन्होंने सत्य को औजार बनाकर दलित-वंचित समाज को वर्ण-व्यवस्था के भेदभावकारी व शोषणकारी चंगुल से आजादी के लिए निर्णायक संघर्ष का नेतृत्व किया। वे सत्य को ही धर्म मानते हैं। यदि कोई सत्य को नहीं मानता तो भले ही वह धार्मिक होने का कितना ही दंभ भरता रहे, कितना ही पाखंड करता रहे। उसके पाखंड की केंचुल को उतार कर लोगों में उसके सही रूप को उजागर करने में महात्मा फुले का विश्वास है। सत्य को हासिल करने के लिए तर्क व विवेक के जरिये उसका शोधन करना पड़ेगा। आज के परिवेश में झूठ और सत्य दोनों को मिला दिया गया है। झूठ को सच के रूप में पेश किया जा रहा है। सच को झूठ बताया जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम हमेशा शोधन करने वाली दृष्टि अपनाएं। सत्य यह है कि सभी इन्सान बराबर हैं। धर्म, जाति, लिंग, वर्ण, रंग आदि के भेद के कारण यदि कोई किसी के मानव होने के अधिकार पर डाका डाले तो यह फुले को बर्दाश्त नहीं हैं।




फुले शिक्षा को सत्य के नजदीक पहुंचने का साधन मानते हैं। शिक्षा के जरिये ही समाज में परिवर्तन हो सकता है। शिक्षा के अधिकार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए महात्मा फुले अथक मेहनत करते हैं, क्योंकि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भेदभाव को ना केवल देखा, बल्कि खुद भी महसूस किया। जातिवादी लोगों की तरह-तरह की बातों का असर यह हुआ कि ज्योतिबा का स्कूल छुड़वा दिया गया। स्कूल छूटने पर भी ज्योतिबा ने पढन्ना नहीं छोड़ा। तीन साल लगातार स्कूल से दूर रहने के बाद पड़ोस के गफ्फार बेग मुंशी व फादर लेजिट के समझाने पर पिता गोविंदराव ने ज्योतिबा को दौबारा स्कूल भेजना शुरू किया। उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाया। सावित्रीबाई देश की पहली प्रशिक्षित अध्यापिका बनी। सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर महात्मा फुले ने महिलाओं की मुक्ति के लिए आंदोलन चलाया। दोनों ने महिलाओं के लिए साक्षरता की कक्षाएं शुरू की। महिलाओं के पास रात को ही खाली समय होता था, जिससे वे कक्षाएं रात को ही लगती थी। अगस्त 1848 में उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिलकर लड़कियों का पहला स्कूल खोला। बता दें कि उस वक्त यह काम इतना आसान नहीं था, जितना आज है। घर का प्रांगण बड़ा होने के बावजूद वे वहां पर स्कूल नहीं चला सकते थे। स्कूल के लिए उन्हें कोई जगह भी किराए पर नहीं मिल रही थी। जब लड़कियों की शिक्षा को गुनाह व धर्म विरुद्ध प्रचारित किया जा रहा था, ऐसे में फातिमा शेख के घर पर आठ लड़कियों के साथ पहला स्कूल शुरू किया गया। इसके लिए ज्योतिबा व सावित्रीबाई ने लोगों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए काफी मेहनत की। सावित्रीबाई पर कुछ लोगों द्वारा गोबर व गंदगी तक फेंकी गई। कुछ लोगों ने पिता गोविंदराव के कान भर दिए कि ये दोनों धर्म विरुद्ध कार्य कर रहे हैं। इस पर पिता ने उन्हें घर से निकाल दिया। लेकिन उन्होंने शिक्षा के जरिये समाज को सही राह दिखाने के काम से हार नहीं मानी। ज्योतिबा के शैक्षिक व समाज सुधार के कार्यों का चर्चा दूर-दूर तक फैला। 16 नवंबर, 1852 को मुंबई के गवर्नर ने पूना में समारोह करके उनका सार्वजनिक सत्कार-सम्मान किया। अंग्रेजों के द्वारा मिलने वाले सम्मान से सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि उनके स्कूलों को कुछ आर्थिक मदद मिलने लगी। विचार और आचरण के क्षेत्र में बुनियादी परिवर्तन लाने के लिए महात्मा फुले ने 24 सितंबर, 1873 को 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की। सावित्रीबाई ने उसकी महिला शाखा की अध्यक्षता संभाली। दोनों ने विधवा पुनर्विवाह का अभियान छेड़ा।

# दुश्मन की ताकत देख उससे प्रभावित ना हों




सीता से लंका की अशोक वाटिका में मिल कर हनुमान ने पूरी वाटिका को उजाड़ दिया। रावण के बेटे अक्षकुमार को भी मार दिया। मेघनाद ने उन्हें नागपाश में बांधकर रावण की सभा में प्रस्तुत किया। सभा देखकर हनुमान आश्चर्य में पड़ गए। रावण की सभा को देख हनुमान को आश्चर्य हुआ। ऐसा प्रताप जिसका बखान संभव नहीं। देवता और दिग्पाल हाथ जोड़े खड़े हैं, डरे हुए केवल रावण की भृकुटियों को ही देख रहे हैं। ऐसा प्रताप देख कर भी हनुमान के मन में कोई भय नहीं था, वे ऐसे खड़े हुए थे जैसे सर्पों के बीच गरुड़ रहते हैं। रावण के वैभव और बल को देखकर भी हनुमान तनिक विचलित नहीं हुए। दुश्मन और बुरे लोगों के वैभव को देखकर उससे प्रभावित ना होना, ये बहुत कठिन काम है। शत्रु के सामने बिना भय के रहें। उसकी ताकत और सामर्थ्य से प्रभावित ना हों। ये हनुमान सिखाते हैं। आपकी पहली जीत वहीं हो जाती है, जब आप उसके प्रभाव में नहीं आते। अगर उसके वैभव का लेश मात्र भी असर आपके मन पर हुआ तो फिर जीत की राहें मुश्किल हो जाती हैं। रावण की पहली हार उसी समय हो गई, जब हनुमान ने उसके सामने बिना किसी संकोच के उसकी गलतियों को गिना दिया। अक्सर लोग यहां चूक जाते हैं। दुश्मन के सामने जाते ही आधे तो उसकी शक्ति के आगे झुक जाते हैं। हनुमान के मन में ये बात दृढ़ थी कि रावण का जो भी वैभव है वो अधर्म से पाया हुआ है। पाप की कमाई है। इसलिए ये बहुत कीमती होते हुए भी बेकार ही है।



संकलित
## दर्शन

# धर्म की चादर श्री गुरु तेग बहादुर



गुरदर्शन सिंह बाहिया (सिख संस्कृति के जानकार)। वर्ष 1621 में अमृतसर में जन्मे गुरु तेग बहादुर जी छठे गुरु श्री हर गोबिंद जी के पांच पुत्रों में सबसे छोटे थे। उनका पालन पोषण व शिक्षा भाई गुरदास एवं बाबा बुड्डा जी जैसे विद्वान गुरुसिखों की देखरेख में हुई। उन्होंने विभिन्न धर्म शास्त्रों का गहन अध्ययन करने के साथ-साथ शस्त्रशिक्षा में भी प्रवीणता पाई। श्री गुरु हरगोबिंद जी की ओर से लड़ी गई करतारपुर के युद्ध में गुरु तेग बहादुर ने तलवार से अभूतपूर्व शौर्य दिखाया। इसके कारण ही उनका नाम त्याग मल से तेग बहादुर रखा गया। श्री गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान इस बात का उद्घोष था कि मानव को अपने आत्मा की आवाज एवं विश्वास के अनुसार ही जीने का अधिकार है। धर्म ग्रहण करने और जीवन का तरीका अपनाने की छूट उसका प्राथमिक अधिकार है, जिसमें काम का चुनाव करना, खाना-पीना एवं पहनना भी शामिल है। तेग बहादुर जी के बलिदान के पीछे दूसरा संदेश यह था कि मानव को अन्याय के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए, चाहे वह किसी के द्वारा, किसी पर भी होता हो। उन्होंने यह प्रचार किया था कि मानव को इस संसार में निर्भय एवं बिना शत्रु के जीना चाहिए। उसे न किसी को डराना चाहिए और न ही किसी से डरना चाहिए। जब धीर मल के लोग श्री गुरु तेग बहादुर जी के घर पर हमला करके काफी वस्तुएं लूट कर ले गए तो मक्खन शाह जवाबी हमला करके सारी वस्तुएं वापस ले आए, जिनमें गुरु ग्रंथ साहिब की बीड़ भी शामिल थी।



संकलित
## प्रेरणा

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दंगे फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो

खबरों की मानें तो नालंदा में हाल में हुए दंगों में सम्मिलित कुछ दंगाइयों के खिलाफ कुर्की और जब्ती की जो कार्रवाई होने लगी है, वह सराहनीय है। जिन जिन राज्यों में हाल में दंगाइयों ने दहशत का माहौल पैदा किया है उन राज्यों की सरकारों से जनता अपेक्षा करती है कि वे उन दंगाइयों पर भी कुर्की और जब्ती की कार्रवाई करें और जो धर्म के नाम पर हिंसा फैलाते हैं, नफरती बोल व भाषा का इस्तेमाल करते हैं, उन पर भी वांछित कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि ऐसे तत्वों पर लगातार नकेल कसी रहे। जनता अपेक्षा करती है कि जिन नफरती लोगों के खिलाफ थानों में शिकायत या प्राथमिकियां दर्ज हुई हैं और वे लोग खुले में घूम रहे हैं, उन पर बिना समय गंवाए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। *-मनहरण साहू, रायगढ़*

## ट्रेंड

### उद्यमियों का सहयोग करें



आज हम तकनीक के युग में जी रहे हैं। तो यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करें और ऐसे इनोवेशन लाएं जो लोगों के जीवन के तरीके को बदल सकें। हम सब युवा अन्वेषकों और उद्यमियों का सहयोग करें।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### न्याय नहीं कर सकते शब्द



बांदीपुर और मुदुमलाई टाइगर रिजर्व के एक यादगार दौरे के बाद मैं सभी वन अधिकारियों, गार्डों, फ्रंटलाइन कर्मचारियों और बाघ संरक्षण में लगे सभी लोगों की मेहनत को स्वीकार करता हूं। शब्द उनके जुनून के साथ न्याय नहीं कर सकते।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। ऑफिस में आप किसी कलीग के काम में मदद करेंगे। बिजनेस में आज आपको ज्यादा धन लाभ के योग बन रहे हैं। आपके घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। माता को उनकी पसंद का कोई गिफ्ट दे सकते हैं। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से बातचीत होगी। अगर आप कोई इंटरव्यू देने जा रहे हैं, तो आज आपकी सफलता के योग बन रहे हैं।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप जिस काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे वह आज पूरा हो जायेगा, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। मित्र आपकी आर्थिक स्थिति में मदद करेंगे, आपकी दोस्ती में मजबूती आएगी। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनका दिन आज व्यस्तता से भरा रहेगा। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा, धन लाभ होगा।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपका कोई खास मुद्दा सुलझ सकता है। घर के बदलाव सम्बन्धी कोई योजना बनी हुई है तो आज उसपर काम शुरू कर देंगे। आप अजनबी लोगों से दूर रहेंगे तो आपके लिए अच्छा रहेगा। लवमेट्स आज कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। कार्यस्थल पर आज कोई नया कम करने को मिलेगा जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका मन धार्मिक गतिविधियों में लगेगा आप किसी मंदिर जायेंगे। पुराना फंसा हुआ धन आज मिल सकता है। परिवार में सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। फालतू की गतिविधियों में समय न खराब करें। छात्रों के लिए भी आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आप अपने कामकाज में थोड़ा व्यस्त रह सकते हैं लेकिन शाम तक कार्य बेहतर तरीके से पूर्ण भी हो जाएंगे। आप किसी काम के टारगेट को आज पूरा कर लेंगे साथ ही दूसरे टारगेट पर विचार भी करेंगे। आप आज किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं जहां हंसी-खुशी का माहौल बना रहेगा। छात्र किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने सरल स्वाभाव के कारण मिलने-जुलने वाले लोगों से अच्छा लाभ उठाएंगे। आप किसी बहुमूल्य वस्तु की खरीद में पैसा खर्च करेंगे। आपकी भौतिक सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीजों के मोल भाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। घरवालों की इच्छा पूरी करने की आप पूरी कोशिश करेंगे। इस राशि की महिलाएं घर और ऑफिस दोनों जगह उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगी इससे सुख-शांति बनी रहेगी। पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। किसी रिश्तेदार की अचानक मुलाकात से आपको बेहद खुशी मिलेगी। आपको किसी इम्पोर्टेन्ट काम के सिलसिले में लम्बी यात्रा के योग है, ये यात्रा आपके लिए लाभदायक साबित होगी। किसी नयी जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कुछ नए काम भी दिए जा सकते हैं। आपको बिजनेस और कार्यक्षेत्र से जूड़ी यात्रा भी करनी पड़ सकती है। जिसका फायदा आपको आने वाले समय में होगा। इस राशि के नौकरी करने वालों का आज प्रमोशन हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न होगा। मेडिकल की तैयारी करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आपका कोई पारिवारिक मामला सुलझेगा। आपके संतान में कुछ पॉजिटिव चेंजेस आने की वजह से आपको खुशी होगी। आप सपरिवार किसी रिश्तेदार के घर फंक्शन में जा सकते हैं। कार्यस्थल पर सभी के साथ बढ़िया ताल-मेल बना रहेंगे। छोटी-छोटी नेगेटिव बातों को नजरंदाज करना बेहतर रहेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। कोई मित्र आपको सरप्राइज दे सकता है। आपके किसी काम में कलीग की सहायता मिलेगी, काम समय से पूरा हो जायेगा। आज लिए हुए कुछ फैसले पर आप दुबारा सोच-विचार करेंगे। आप किसी को अपने विचार से सहमत कराने की कोशिश करते हैं, तो आपके लिए दिन शुभ रहेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए ताजगी से भरा रहने वाला है। ऑफिस में काम को लेकर आपकी अहमियत बढ़ेगी। आप खुद के काम से खुश होंगे। बड़े लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। साथ ही आज कुछ जूनियर आपसे काम सीखने की इच्छा जाहिर करेंगे। इस राशि के जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़ें है आज उनके किसी पुराने काम की तारीफ होने की संभावना है। आपकी ही कोई पूरानी योजना चल जाएगी और आपको उससे फायदा होगा।



भरोसे का सम्मेलन

# सैकड़ों पुश्तों की विरासत

## जनजातीय संस्कृति का सम्मान और संरक्षण

# भरोसे का सम्मेलन

13 अप्रैल 2023 | दोपहर 12 बजे | लालबाग मैदान, जगदलपुर-बस्तर


## मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना

का

शुभारंभ

आदिवासी पर्वों के
बेहतर आयोजन के लिए जनजातीय क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों को
प्रतिवर्ष 10-10 हजार रु की अनुदान राशि

देवगुड़ियों के संरक्षण
मेला-मड़ई, जात्रा पर्व, सरना पूजा, करमा, सरहुल, गौरा-गौरी, नवाखानी, अक्ति, छेरता आदि पर्वों
के आयोजन के लिए राशि का प्रावधान



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

छत्तीसगढ़ संवाद-36592/97

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in


Created by Universal Document Converter

# कांग्रेस की सरकार में बस्तर एवं आदिवासियों के विकास के नये युग का सूत्रपात : मोहन मरकाम

**प्रियंका गांधी के आगमन से बस्तरवासियों का उत्साह बढ़ेगा**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। कांग्रेस सरकार बनने के बाद बस्तर में विकास और शांति के नये युग का सूत्रपात हुआ है। प्रियंका गांधी देशभर में महिला सशक्तिकरण और महिला अधिकार की लड़ाई लड़ रही है, उनके आने से बस्तर में उत्साह आयेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में बस्तर की जनता ने कांग्रेस की सरकार को भरपूर आर्शिवाद दिया था। पिछले चार सालों में कांग्रेस सरकार के कामों से बस्तर की जनता कांग्रेस के प्रति भरोसा और बढ़ा है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर से बस्तर में अपना खाता नहीं खोल पायेगा। कांग्रेस ने आदिवासियों से किए वादों को पूरा किया। चार साल में आदिवासी वर्ग के हित के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजना बनाई गई। आदिवासियों के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जल, जंगल, जमीन, उनके कानूनी अधिकारों के लिए काम किया गया है। कांग्रेस की सरकार ने आदिवासी वर्ग के चहुंमुखी विकास के लिए रोजगार मूलक योजनाएं बनाई। बस्तर क्षेत्र में आदिवासी के वर्ग शिक्षा के लिए 300 से अधिक बंद स्कूलों को शुरू किया गया। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए विश्वास, विकास और सुरक्षा के नीतियों के तहत काम किया गया। रमन सरकार के दौरान लोहंडीगुडा दस गांवों के 1707 आदिवासी परिवार से छीनी गई 4200 एकड़ जमीन को लौटाई गई। जेलो में बंद निर्दोष आदिवासियो की रिहाई के लिये जस्टिस पटनायक की अध्यक्षता में कमेटी बनाया गया उनकी अनुशंसा पर जेल में बंद निर्दोष आदिवासियों को जेल से मुक्त कराया गया। 870 मामलो में बंद निदोषी की रिहाई हुयी। तेंदूपत्ता का मानक दर 2500 रु से बढ़ाकर 4000 रु प्रति बोरा किया गया। 65 वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी की गई, चरणपादुका खरीदने नगद राशि दी गई। बस्तर में मक्का प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया। 24827 व्यक्तिगत 20,000 से अधिक सामुदायिक व 2200 वन संसाधन पट्टे वितरित किए गए, 16 लाख से अधिक हेक्टर भूमि आदिवासी वर्ग को वितरित किया गया है। 4,38,000 से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित करने का शुरू किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 44,300 से अधिक सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 2175 से अधिक वन संसाधन अधिकार ग्राम सभा को प्रदान की गई। मिलेट मिशन शुरू किया गया और बस्तर के वनोपज को देश-विदेश तक पहुँचाया गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान, गन्ना, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, मक्का, दलहन-तिलहन, फलदार वृक्ष, सब्जी लगाने वाले आदिवासी किसानों को 10,000 रू. प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। बिजली बिल हाफ की सुविधाएं। सिंचाई कर माफ किया गया।

# मुख्य सचिव ने की शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में शासन की प्राथमिकता वाली योजना के क्रम में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, स्कूल शिक्षा तथा ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में रोजगार मिशन, आईटीआई उन्नयन, बेरोजगारी भत्ता, आत्मानंद स्कूल, स्कूलों के मरम्मत, वर्ल्ड क्लास स्कूल की स्थापना और छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला शामिल हुए।

शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत बेरोजगारों को भत्ता प्रदान करने हेतु की जा रही प्रक्रिया के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री जी की घोषणा के परिपालन में बेरोजगारी भत्ता हेतु हितग्राहियों से एक अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन-पत्र मंगाये जा रहे है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक करीब 46 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे है। आवेदनों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। आवेदकों के बैंक खातों का सत्यापन किया जा रहा है। बैंक खातों के सत्यापन उपरांत पात्र आवेदकों को एक मई 2023 से उनके बैंक खाते में बेरोजगारी भत्ता की राशि का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। इसी तरह से आईटीआई उन्नयन के तहत राज्य तकनीकी संस्थानों को टेक्नोलॉजिक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत 36 शासकीय आईटीआई के उन्नयन हेतु 1216.80 करोड़ रूपए की लागत आएगी। इसमें कार्पोरेट जगत का सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ किए गए है। स्कूलों के भवनों, शिक्षकों की भर्ती सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नवा रायपुर के सेक्टर 32 में विश्व स्तरीय आवासीय विद्यालय खोला जा रहा है। इसके संबंध में अब तक हुए कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि स्कूल भवन का कार्य नींव स्तर तक का पूर्ण हो गया है। विद्यालय के कार्यों हेतु 49 करोड़ 52 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना के तहत कोरोना संक्रमण में बेसहारा हुए ऐसे बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को कोरोना के कारण खो दिया है ऐसे उन सभी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इसमें कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को पांच हजार रूपए प्रति विद्यार्थी तथा कक्षा 9 से 12 तक के लिए प्रति विद्यार्थी 10 हजार रूपए वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। निजी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 12वीं के सभी विद्यार्थियों के लिए शाला शुल्क की पूर्ति शासन द्वारा की जा रही है।

# बीजेपी के भड़काऊ पोस्ट पर कांग्रेस ने की कार्यवाही की मांग...

**शिकायत के साथ ट्वीटर, फेसबुक पोस्ट और अखबारों का पुलिंदा एसपी को सौपा**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। भाजपा नेताओं द्वारा सोशल मीडिया में किये गये भड़काऊ पोस्ट और धार्मिक विद्वेष फैलाने की नीयत से किये गये ट्वीटर और फेसबुक पोस्ट तथा अखबारों में की गयी बयानबाजी की शिकायत कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक रायपुर से किया है। इस आशय के तीन अलग-अलग शिकायत कांग्रेस की तरफ से पुलिस को दिया गया है। शिकायत में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में दो गुटों के झगड़ों के बाद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण लगातार धार्मिक विद्वेष भड़काने वाला बयान दे रहे है, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने तो छत्तीसगढ़ की संज्ञा पाकिस्तान और तालिबान से करके राज्य के जनमानस की भावनाओं को आहत कर सांप्रदायिक उन्माद भड़काने का प्रयास कर चुके है। भाजपा के अधिकृत ट्वीटर हैंडल तथा भाजपा के अनेकों नेताओं के ट्वीटर हैंडल एवं प्रदेश भाजपा के अधिकृत हैंडल इखढ4उॠर३३ि से भी लगातार विद्वेष भड़काने वाला पोस्ट किया गया है। भाजपा द्वारा पोस्ट किये गये कुछ पोस्ट की स्क्रीन शाट की छायाप्रति भी संलग्न है, भाजपा नेताओं के बयान जो अखबारों में छपे है उसकी कटिंग भी संलग्न है।

# राज्य का माहौल खराब करने वाले भाजपा नेताओं पर कड़ी कार्यवाही हो : कांग्रेस

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। राज्य का माहौल खराब करने तथा छत्तीसगढ़ को पाकिस्तान तथा तालिबान बताने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बिरनपुर की दुर्भाग्यजनक घटना के बाद लगातार भाजपा के छोटे-बड़े नेता सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट कर रहे है। भाजपा के अधिकृत ट्वीटर हैंडल पर भी आपत्तिजनक और दंगा भड़काने वाले पोस्ट किये गये। ऐसे लोगों पर कानूनी कार्यवाही होना चाहिये। राज्य की कानून व्यवस्था से बढ़कर न कोई राजनैतिक दल हो सकता और न ही कोई राजनैतिक दल का पदाधिकारी जो भी कानून की मयार्दा का उल्लंघन किया है उस पर कार्यवाही होनी चाहिये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा नेता झूठा आरोप लगाते है छत्तीसगढ़ में रोहगिया मुस्लिम बसाये गये हैं भाजपा नेता बतायें छत्तीसगढ़ में कहां पर रोहंगिया बसाये गये है। यदि भाजपा के नेता नहीं बताते है तो सोशल मीडिया में इस आशय का पोस्ट डालने वाले भाजपा नेताओं पर भी कड़ी कानूनी होनी चाहिये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील



आनंद शुक्ला ने भाजपा द्वारा कांग्रेस पर लगाये जा रहे तुष्टिकरण के आरोपों को सिरे से नकारा है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस तुष्टिकरण नही कर रही है बल्कि भाजपा मतों का ध्रुवीकरण करने के लिये गिद्धात्मक राजनीति कर रही हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में मुस्लिम समाज और दिगर समाज की आबादी 2 प्रतिशत है। हिन्दू समाज की आबादी 98 प्रतिशत है। हम दो तिहाई बहुमत से सरकार चला रहे है। लोकतंत्र में बहुमत के आधार पर ही सरकारे आती है और जाती है। ऐसी स्थिति में दो प्रतिशत आबादी को तुष्टिकरण का आरोप लगाना न केवल हास्यास्पद है बल्कि अवसर वादिता भी है। हम क्यों तुष्टिकरण करेंगे? तुष्टिकरण से हमें क्या फायदा होगा? भाजपा यहा सांप्रदायिक माहौल खराब कर रही है। प्रदेश के शांत माहौल में जहर घोलने का काम कर रही है। बहुसंख्यकों में अल्पसंख्यकों का भय पैदा कर मतों का ध्रुवीकरण करने की गंदी राजनीति कर रही है। एक गांव में घटित घटना के आधार पर पूरे प्रदेश में बंद का आव्हान किया जाना इस बात का प्रामाण है। भाजपा और आरएसएस लाश पर राजनीति करने का घृणित प्रयास में लगी है। भाजपा के नेता पूरे घटना पर बेहद आपत्तिजनक और स्तरहीन बयान बाजी कर रहे है। कांग्रेस सरकार की मंशा स्पष्ट है प्रदेश में कानून हाथ में लेने की कोई भी कोशिश बर्दाशत नहीं किया जायेगा।

# अलग-अलग जगहों पर हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से कई बीघा फसल हुई राख

## फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही राख हो जाती हैं फसलें

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ। बढ़ती गर्मी व शार्ट-सर्किट से राजधानी में आग का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बिजली की चिंगारी से मलिहाबाद व रहीमाबाद में खेत में खड़ी कई बीघा गेहूं की फसल में आग लग गई। जिससे गेहूं की फसल धू धू कर जलने लगा। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों व दमकल टीम की मदद से आग पर काबू पाया। तब तक कई बीघा फसल आग के आगोश में समा चुकी थी।

मंगलवार को दोपहर बाद आयी तेज हवा से रामदास गौतम व सीताराम गौतम निवासी रूप नगर थाना मलिहाबाद व मंगरे निवासी कटौली थाना रहीमाबाद के खेत में गेहूं की तैयार फसल में शॉर्ट सर्किट से खेत में आग की लपटें उठने लगीं। आग को देख किसान मौके पर दौड़े। और तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। गांव के लोगों ने बाल्टी और अन्य साधनों से पानी भरकर खेतों की तरफ दौड़े ग्रामीणों ने दमकल को भी सूचना दी दूसरी तरफ आग चारों तरफ फैल रही थी। धीरे-धीरे आग यूनुस के खेत में जा पहुंची तब तक तीनों के खेत जलकर राख हो गए। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू जब तक दमकल पहुंची ग्रामीणों ने आग बुझा दी थी। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है की है कि गेहूं का सीजन देखते हुए दमकल की गाड़ी मलिहाबाद में भी खड़ी होनी चाहिए।

दूसरी घटना रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तेरवा में जहां 11 हजार हाईटेंशन लाइन में तेज हवा के कारण हुई शार्ट सर्किट से स्पार्किंग में तार आपस में टकराकर चिंगारियां नीचे गिरने लगी और गेहूं की तैयार खड़ी फसल जलने लगी ग्रामीण जब तक आग पर काबू पा पाते तब तक आग बृजमोहन घनश्याम की करीब दो बीघा व सनी की एक बीघा फसल जलकर राख हो गई गौरतलब हो कि पीड़ितों के पास इतना ही गेहूं बोया हुआ था जिसके सहारे वह पूरे साल अपने परिवार का भरण पोषण करते लेकिन फसल स्वाहा हो जाने के कारण उनके परिवार के सामने भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि विद्युत लाइन कई साल पुरानी होने के कारण जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों ने लाइन दुरुस्त कराने की मांग की थी। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। किसानों ने आग से फसल में हुए नुकसान का शीघ्र मुआवजा दिए जाने की मांग की है। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने फसल का आंकलन कर किसानों को सरकार द्वारा मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

# विवाहिता का दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न, ससुराली जनों पर मुकदमा दर्ज

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

काकोरी। कोतवाली काकोरी क्षेत्र में विवाहिता ने दहेज की मांग करने की बाबत गला दबाकर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न सहित छेड़छाड़ और जान से मारने की कोशिश का मुकदमा दर्ज कराया है। मीडिएशन फेल होने के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कर रही है।

मलिहाबाद निवासी महिला का विवाह दो वर्ष पूर्व काकोरी के लोधौसी निवासी रोहित यादव से हुआ था। महिला के परिजनों से 15 लाख खर्च कर विवाह किया था। महिला का आरोप है कि शादी के एक वर्ष के अंदर ही ससुरालियों ने कम दहेज लाने की बात करते हुए मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। पति रोहित निजी कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात है और शराब के नशे में होकर सौतेली सास पुष्पा यादव के उकसाने पर गंदी गालियां देते हुए शारीरिक उत्पीड़न करते थे। देवर विपिन यादव अक्सर छेड़छाड़ करता था। नवम्बर 2022 को पुष्पा यादव ननद आराधना यादव देवर विपिन व अंकित ने पति रोहित के साथ मिलकर मारपीट की तथा गले मे गमछा डालकर जान से मारने की कोशिश की जिससे पीड़िता बेहोश हो गयी। होश में आने पर अपने मायके वालों को घटना की जानकारी दी।

# लखनऊ में व्यापारी से लूट में मास्टरमाइंड समेत 3 गिरफ्तार

**8 दिन पहले परिचित ने की थी लूट, 3 दिन तक की थी रेकी**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ, लखनऊ में पिछले दिनों चूनी-चोकर व्यवसायी भगवान दास गुप्ता के साथ उसके ही परिचित ने लूट कराई थी। घटना को अंजाम देने से पहले उसने तीन दिन रेकी की थी। उसके बाद साथियों के साथ व्यापारी का पूरा रूट मैप के साथ आने-जाने का ब्योरा तैयार किया था। तालकटोरा पुलिस ने मंगलवार को व्यापारी के साथ लूटपाट की घटना के मास्टरमाइंड समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लूट का खुलासा किया। डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने बताया कि सर्विलांस सेल की मदद से पारा के मोहान रोड निवासी आकाश यादव (21), पारा के बुद्धेश्वर मुन्नू खेड़ा के विनय शर्मा (18), पारा के भपटामऊ के देवेन्द्र सिंह (18) व बिजनौर के सरवर नगर के हर्षित यादव (19) को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लूट के 75 हजार रुपए और बैग बरामद हुआ है। जिसमें पीड़ित भगवान दास गुप्ता का पैन कार्ड समेत अन्य जरूरी कागजात भी मिले हैं। इन लोगों ने 3 अप्रैल को चूनी चोकर व्यापारी भगवान दास गुप्ता के साथ आलम नगर ओवर ब्रिज पर लूटपाट की थी। आकाश ने लूट के 1.55 लाख रुपये में से एक लाख रुपये अपने पास रख लिए थे। वहीं 35 हजार रुपये विनय और 10-10 हजार रुपये हर्षित और देवेन्द्र के हिस्से में आए थे। आकाश मौजूदा समय में जमीन खरीदवाने-बेचवाने का काम करता है। वहीं विनय कारपेंटर व देवन्द्र और हर्षित मजदूरी करते हैं। पूछताछ में लूट के मास्टरमाइंड आकाश यादव ने बताया कि वह भगवान दास गुप्ता को पहले से जानता था। जब उसने आगरा एक्सप्रेस वे के पास चूनी चोकर की दुकान खोली थी और भगवान दास गुप्ता की दुकान से सामान खरीदता था।

# नगर पंचायत बंथरा में मतदान केंद्रों व बूथों का पुलिस ने किया निरीक्षण



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बंथरा लखनऊ। नगर पंचायत बंथरा में मंगलवार को पुलिस ने मतदान केंद्रों और बूथों का निरीक्षण किया। पुलिस ने यहां के सभी 27 बूथ और 16 मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान पुलिस ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की। पुलिस ने कहा कि अगर कोई अपने पक्ष में वोट देने के लिए किसी पर दबाव बना रहा हो या लालच देकर अपने पक्ष में वोट कराना चाहता है तो ऐसा कतई न किया जाए। बिना दबाव के मतदान करें और यदि इसमें किसी को कोई दिक्कत परेशानी आती है तो पुलिस को तत्काल सूचित किया जाए, पुलिस आपकी मदद करेगी। मतदान केंद्रों और बूथों का निरीक्षण करने पहुंचे एसीपी कृष्णानगर और प्रभारी निरीक्षक बंथरा आशीष कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से कहा कि चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। अराजकता फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। पुलिस पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए पूरी तरीके से तैयार है।

# काकोरी में आयोजित रोजा इफ्तार में दिखी हिन्दू मुस्लिम एकता की झलक

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



काकोरी, लखनऊ। रमजान के पाक महीने में 18 वें रमजान पर हिन्दू मुस्लिम एकता को लेकर सोमवार को ऐतिहासिक कस्बा काकोरी के चौधरी मोहल्ला में समाजवादी पार्टी के नेता आसिफ इस्तियाक की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया ।जिसमें लोगों ने भारी तादाद में शिरकत कर अमनो-अमान की दुआ मांगी ।वहीं असिर की नमाज के बाद से ही रोजा इफ्तार में लोगों का आना शुरू हो गया ।इफ्तार का वक्त होते-होते परिसर लोगों से खचाखच भर गया ।सभी लोग कतारों में बैठ गए ।इफ्तार का समय होने से पहले लोगों ने वतन व कौम की तरक्की और कामयाबी के अलावा आपसी भाईचारे की दुआ की ।मगरिब की अजान के साथ ही सभी ने विभिन्न प्रकार के फलों से इफ्तार किया ।इसके बाद पकौड़ी,पापड़,आइसक्रीम के साथ शर्बत से गला तर किया ।बगल में स्थित मस्जिद में मगरिब की नमाज अदा की गई ।इस मौके पर आसिफ इस्तियाक और उनके भाई सभासद सलमान इस्तियाक ने खास महमानों को फूलों की माला पहनाकर जोरदार इस्तकबाल किया ।रोजा अफ्तार में मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत,महासचिव शब्बीर अहमद खान,पूर्व महासचिव राशिद अली,निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया,पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत,पूर्व ब्लाक प्रमुख रूप नारायण यादव,रामगोपाल यादव,चेयरमैन नजमी खाँ,टीबी सिंह,मोहम्मद इब्राहिम मंसूरी,शायन अख्तर अल्वी,राजू रावत,अजय सिंह चौहान,ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन केशरी राव धारा सिंह यादव,हारून अजीज,कृष्ण कुमार यादव पप्पू,फाजिल अंसारी,सुशील यादव खलनायक,विजयश्री,शशिलेन्द्र यादव,रियाज अहमद राजू,तारिक खाँ,नुजहत खाँ,लाला रमीज खान,चौधरी मुलतान सिंह यादव,इमरान अहमद,वहीद अहमद सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# मुआवजा एवं रोजगार हेतु प्रभावित ग्रामवासी अपना दस्तावेज रखे तैयार : कलेक्टर

## 0 भू अर्जन एवं पुनर्वास की हुई समीक्षा बैठक
## 0 छत्तीसगढ़ ढाबा से मानी चौक तक रोड़ शीघ्र प्रारंभ चौड़ीकरण कार्य

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर/बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री एवं परियोजना एवं रेहर भूमिगत परियोजना से प्रभावित ग्राम पोंडी एवं मानी गांव के निजी वरियता सूची के सम्बंध में जानकारी दी गयी। गायत्री परियोजना के लिए अधिग्रहित सीएसआर के तहत पोड़ी, मानी एवं डेडरी गांव में किये गए एवं किये जाने वाले कार्यों के बारे





रेहर भूमिगत खान परियोजना से प्रभावित ग्राम पोड़ी, मानी एवं डेडरी के ग्रामीणों के समस्या के निराकरण के लिए आज कलेक्टर सभा कक्ष में भू अर्जन एवं पुनर्वास की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, व अमित सक्सेना, क्षेत्रीय महाप्रबंधक बिश्रामपुर क्षेत्र की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक में गायत्री भूमिगत भूमि स्वामियों के सीबीए एक्ट के तहत अधिग्रहित भूमि के एवज में मुआवजे एवं रोजगार के सम्बंध में विस्तार से चर्चा हुआ।

जिसमें ग्रामीणों को सीबीए एक्ट के तहत् अधिग्रहित की जाने वाली ग्राम पोंडी एवं मानी की भूमि के एवज में मुआवजा एवं कोल इंडिया आर एण्ड आर पॉलिसी 2012 के प्रावधानों के अनुसार रोजगार के लिए क्लबिंग एवं की गई भूमि के भूमि स्वामियों की सूची को 30 अप्रैल 2023 तक पूर्ण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिये। साथ ही उन्होंने एसईसीएल को निर्देश देते हुए कहा कि अधिग्रहित भूमि की अधिसूचना की प्रति रजिस्ट्रार एवं जिला कार्यालय में उपलब्ध कराये, जिससे की अधिग्रहित भूमि में हस्तांतरण की प्रक्रिया पर रोक लगायी जा सके। महाप्रबंधक बिश्रामपुर क्षेत्र अमित सक्सेना ने में भी सभा को जानकारी दी तथा यह भी बताया की छत्तीसगढ़ ढाबा से मानी चैक तक रोड़ चौड़ीकरण के लिए एसईसीएल मुख्यालय से अनुमति प्राप्त हो गयी है एवं रोड चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र हो जाने की बात कही। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को कहा कि किसी के भी बहकावे में आकर ग्रामवासियों द्वारा धरना प्रदर्शन एवं खदान बंद करने सम्बंधी काम नहीं किया जाना चाहिए। खान बंद होने से कोयले की समस्या के साथ राज्य शासन को मिलने वाली रायल्टी की भी हानि होती है। जिससे गाँव के विकास के लिए फण्ड नहीं मिलता है। इससे देश शासन एवं ग्रामीणों सभी को नुकसान होता है।

पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि क्षेत्र में कोयले की चोरी रोकने में ग्रामीण एसईसीएल एवं प्रशासन की मदद करें, कोयले की किसी भी प्रकार की चोरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसईसीएल के तरफ से बैठक के रेहर गायत्री सहक्षेत्र के सहक्षेत्र प्रबंधक संजय एम मिश्रा ने सभी उपस्थित जनों को एसईसीएल के तरफ से धन्यवाद दिया।बैठक में जिला प्रशासन से संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, अनविभागीय अधिकारी रवि सिंह, नायब तहसीलदार हिना टंडन, मानी सरपंच श्रीमती सोनामनी, पोड़ी सरपंच श्रीमती मोहर मनिया सिंह, डेडरी सरपंच श्रीमती मानती सिंह एवं अन्य पदाधिकारी तथा जन प्रतिनिधि, एवं तीनों गांव के 10-10 प्रतिनिधि उपस्थित रहे। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के तरफ से संजय एम मिश्रा, उप क्षेत्रीय प्रबंधक आरजीके एवं अंजीत कुमार सिंह नोडल ऑफिसर भू एवं राजस्व, सतीश वर्मा नोडल ऑफिसर सीएसआर एवं एम पी सिंह सर्वे अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस अधिकारी व जवान कर रहे क्षेत्र में पैदल गश्त

## सार्वजनिक स्थलों में संदिग्धों पर रखी जा रही नजर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के पुलिस अधिकारियों को विजिबल पुलिसिंग एवं शाम-रात्रि में पैदल गश्त करने तथा क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के निर्देश दिए है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा भीड़भाड़ वाले स्थानों सहित क्षेत्र में पैदल गश्त के साथ ही लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। सड़क किनारे स्थित दुकानदारों को दुकान के सामने सड़क पर वाहन खड़ा न करने की समझाईश दी जा रही है। पुलिस के द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगातार अपनी मौजूदगी बनाए हुए है, बैंकों के चेकिंग कर संदिग्धों पर निगाह रखी जा रही है। शस्त्र लायसेंस



धारियों के घर पर जाकर उन्हें चेक भी किया जा रहा है। जिले में थाना-चौकी प्रभारी सहित पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी लगातार क्षेत्र में मुस्तैदी एवं संवेदनशीलता के साथ प्रभावी रूप से पेट्रोलिंग करते दिखी। इस दौरान पुलिस के द्वारा सुरक्षा के दृष्टि से वाहनों की चेकिंग भी की गई। पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में भय होगा, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा का एहसास कर रहे हैं। गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी करते नजर आई।

# पुलिस लाईन में जवानों ने किया बलवा ड्रिल का अभ्यास

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** बलवा सहित अन्य घटनाओं से निपटने के लिए पुलिस अधिकारी व जवानों को समय-




समय पर बलवा ड्रिल का अभ्यास कराने एसपी रामकृष्ण साहू ने निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को पुलिस लाईन में अधिकारी व जवानों के द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे के द्वारा बलवा ड्रिल अभ्यास के दौरान अधिकारी व जवानों को इस दौरान उत्पन्न होने वाले परिस्थितियों एवं उनसे मुस्तैदी से कैसे निपटा जाए, भीड़ नियंत्रण एवं उन्हें तितर-बितर करने से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को विस्तार से बताया और बेहतर ढ़ग से बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया। जवानों को बताया गया कि उपकरणों का सही इस्तेमाल कैसे की जानी है, खोलने, जोड़ने व रख-रखाव का प्रशिक्षण भी दिया गया।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग अम्बिकापुर

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-1945/NIT-1/2023-2024/व ले लि — दिनांक : 05.04.2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 17.04.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 20.04.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 21.04.2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे से

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि(रू.मे) बैंक साल्वेंसी (रू.में) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में) | निविदाकारों की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 T0001 | सूरजपुर जिले के अंतर्गत एम. सी. एच. विंग जिला चिकित्सालय सूरजपुर हेतु 500 KVA ट्रांसफार्मर स्थापित करने हेतु ।//जमा कार्य// प्रथम आमंत्रण | 15.04 11280.00 225600.00 | A 750.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी "द" से "अ" तक | 31/07/2023 तक वर्षा ऋतु सहित |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग
अम्बिकापुर

जी-00018/3



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 05.04.2023

### ई-प्रोक्यूमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग - सं.क्र. 1 जशपुर, स.क्र. 2,3 मनेन्द्रगढ़ एवं स. क्र. 4 सूरजपुर संभाग

| सरल क्र. | एन.आई.टी. क्र./ ऑन लाईन सिस्टम क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 01 2nd Call C Class and Above Bid Submission Due Date 21.04.2023 | जिला जशपुर के मेन रोड के बेंदाटोली तक मार्ग निर्माण लंबाई 1.02 कि.मी. | 109.78 |
| 2 | 02 2nd Call D Class and Above Bid Submission Due Date 21.04.2023 | सी जी आर आई डी सी एल अंतर्गत जिला कोरिया के घुटरा से मुसरा मार्ग लंबाई 4.30 कि.मी. केल्हारी चौक से म.प्र. सीमा तक लंबाई 1.80 कि.मी. रतनपुर से चौपन व्हाया कोटिया लंबाई 2.00 कि.मी., कांसाबहरा भौता मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी., केन्दई चोटिया बरदर खड़गवां बैकुण्ठपुर सोनहत रामगढ़ म.प्र. बार्डर लंबाई 19.00 कि.मी. में रोड फर्निचर का कार्य। | 39.37 |
| 3 | 03 2nd Call D Class and Above Bid Submission Due Date 21.04.2023 | जिला कोरिया के जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में प्रेस क्लब का निर्माण कार्य। | 31.83 |
| 4 | 04 1st Call D Class and Above Bid Submission Due Date 25.04.2023 | जिला सूरजपुर के ग्राम धोंधा नदीपारा सरईडांड से सीताराम के घर से सुखदेव घर नाला तक सी सी रोड निर्माण लंबाई 0.60 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 0.75 कि.मी.) | 93.18 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी-00071/6


# सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने संबंधी पोस्ट न करें शेयर

## जिला एवं पुलिस प्रशासन की अपील

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** जिला एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से जिले वासियों से अपील करते हुए कहा है कि जिले में सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनी रहे रखने हेतु सोशल मिडिया साईट्स के ग्रुप एडमिन ध्यान रखें कि आपके ग्रुप का कोई भी सदस्य ग्रुप में किसी भी प्रकार की गलत खबर या विवादित पोस्ट अथवा विवादित बातें या साम्प्रदायिक सौहार्द खराब करने या दो पक्षों में विवाद बढ़ाने, दो गुटों में तनाव बढाने, किसी दो समुदायों के मध्य वैमनस्यता फैलाने संबंधी मैसेज पोस्ट, चित्रण या विडियो न फैलाये। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की विवादित एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने संबंधी पोस्ट फैलाता है अथवा प्रसारित करता है तो उस व्यक्ति को ग्रुप एडमिन उक्त बातों को प्रसारित करने के लिए शख्त मना करें एवं उस पोस्ट को डिलीट करवाना सुनिश्चित करें और न माने तो उस व्यक्ति को तत्काल ग्रुप से हटा दें। ऐसे पोस्ट करने वाले व्यक्यिों की जानकारी जिला प्रशासन, सूरजपुर पुलिस के कंट्रोल रूम के वाट्सएप नंबर 9575770004 या संवाद शाखा नंबर 7999464672 में अनिवार्य रूप से सूचित करें। यदि ग्रुप एडमिन द्वारा उक्त जिम्मेदारी नहीं निभाई जाती है तो ग्रुप एडमिन की भी उस पोस्ट को प्रसारित करने के संबंध में जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन पर भी विवादित पोस्ट को प्रसारित करने के संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि कोई भी व्यक्ति व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक, असत्य खबरे या पोस्ट शेयर फारवर्ड या कमेंट करता है, जिससे लोक शांति पर प्रतिकूल प्रभाव हो तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध भी भारतीय दंड संहिता एवं आई.टी.एक्ट एवं अन्य अधिनियमों के तहत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी से अपील है कि किसी भी प्रकार की असत्य, भ्रामक खबरे एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने संबंधी पोस्ट को शेयर न करें।

# ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन कल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** कलेक्टर इफ्फत आरा ने आदेश जारी कर जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में कोविड-19 से बचाव के समस्त गाईडलाईन का पालन करते हुये, 14 अप्रैल से प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्राम सभा आयोजित करने को कहा हैं। छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) (3) के तहत् गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# मुढ़ाली में अमृत सरोवर तालाब गहरीकरण कार्य का किया गया भूमिपूजन

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कोरबा जिले में विकासखंड कटघोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मुढ़ाली के राधा सागर तालाब में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी मनरेगा के तहत अमृत सरोवर तालाब गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन कर एवं श्रीफल तोड़कर शुभारंभ किया गया। क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक पुरुषोत्तम कंवर से अमृत सरोवर तालाब गहरीकरण की मांग की थी। इस पर विधायक श्री कंवर ने स्वीकृति प्रदान कर अमृत सरोवर तालाब का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। तालाब गहरीकरण हो जाने से आसपास के रहने वाले ग्रामीणों को इसकी सुविधा मिलेगी। अमृत सरोवर तालाब बन जाने से गांव की एक अलग पहचान बनेगी।

भूमिपूजन के दौरान श्रवण कुमार कश्यप विधायक प्रतिनिधि, सुकृता बाई मरकाम सरपंच, मनीराम कश्यप उप सरपंच, शिव राठौर, संनत राठौर, लखन लाल राठौर, बिरेन्द्र दास महंत रोजगार सहायक, ओमप्रकाश कश्यप अध्यक्ष राजीव गांधी युवा मितान क्लब एवं मेट, नरोत्तम सूरज, डॉ. सुखीराम सूरज, अजय राठौर अध्यक्ष गौठान समिति, रामेश्वर सिंह मरकाम पंच, सुखीराम कश्यप पंच, शिव राठौर मेट, रामचंद्र कश्यप, मोहनलाल, अमृतलाल, संतु कश्यप, रमेश कुमार कश्यप, खीक राम केंवट, शिव कश्यप, प्रेमलाल, राजकुमार, नारायण, लक्ष्मीचंद, कृष्णा लाल, हितेश राठौर, मनहरण कश्यप, लक्ष्मी देवी यादव, बृहस्पति बाई, द्रोपति बाई, डीकेशवरी बाई, वैशाखी बाई, पुष्पा बाई, बुधवारा बाई, अनीता बाई, संतोषी बाई, ललिता बाई आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त हुए 84 आवेदन, निराकरण हेतु संबंधितों को निर्देश

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने संयुक्त रूप से प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए नियमानुसार कार्रवाई कर निराकरण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में खाता विभाजन, विधवा पेंशन, जमीन बंटवारा, राशन कार्ड, डूबान क्षेत्र के प्रभावित किसान, सड़क दुर्घटना की मुआवजा राशि, आंगनबाड़ी में नियुक्ति संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने विधवा पेंशन संबंधी आवेदन का जांच कर निराकरण करने निर्देशित किया। जनदर्शन में श्रमिक पंजीयन, गलत पट्टा के वितरण, ऋण पुस्तिका संबंधी आवेदन भी प्राप्त हुए उसे निराकरण करने कहा। उन्होंने गलत पट्टा वितरण संबंधी आवेदन पर न्यायालय में अपील करने समझाइश दी। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन से संबंधित प्रकरणों के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने निर्देश दिये।बैठक में संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर नन्दजी पाण्डेय, एसडीएम रवि सिंह, उत्तम रजक, श्रीमती दीपिका नेताम, एसपी कार्यालय धर्मानंद शुक्ला, समस्त जनपद सीईओ एवं विभाग के समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।



कोरिया फ्रंटलाइन

# मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लिनिक योजना

## निःशुल्क जांच तथा असरकारक दवाइयां पाकर लोगों ने जनकल्याणकारी योजना को सराहा, मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद

**सप्ताहभर में 1700 से अधिक मरीज हुए लाभान्वित**

छ.ग.फ्रंटलाइन

**कोरिया।** विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम छिंदडांड के विजय सारथी लम्बे समय से उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की समस्या से जूझ रहे थे। महंगी दवाइयां और इलाज से भी उन्हें अधिक फायदा नहीं हुआ, वे बताते हैं कि एक दिन उन्हें अचानक साप्ताहिक हाट बाजार में एमएमयू गाड़ी दिखी, उन्होंने वहां जाकर चिकित्सकों से पूछा तो निःशुल्क इलाज की जानकारी मिली। उन्होंने जांच करवाया तो आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क मिली। इलाज से खुश होकर विजय ने बताया कि उचित दवाइयां मिलने से इस सप्ताह उनके तबियत में अच्छा सुधार हुआ है। इसी प्रकार बीपी की समस्या से ग्रसित रामनारायण बताते हैं कि उन्हें हाई ब्लडप्रेशर है, जिससे उन्हें काफी तकलीफ थी।





क्लिनिक में उचित इलाज मिलने से रामनारायण हर सप्ताह हाट बाज़ार क्लिनिक पर आते है, दवाईयों के साथ-साथ उन्हें खान-पान हेतु सलाह भी दी जाती है, जिससे उन्हें काफी राहत मिली है। उन्होंने इस जनकल्याणकारी योजना के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लिनिक योजना बेहद उपयोगी साबित हुई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।जिले के ग्रामीण अंचलों में साप्ताहिक हाट बाज़ारों के दिन एमएमयू वाहन के द्वारा लोगों को निःशुल्क जांच तथा दवाइयां उपलब्ध हो रही है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार विगत सप्ताह में हाट बाजार क्लिनिक में कुल 1758 मरीजों ने जांच कराया तथा 1715 मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का लाभ मिला। यहां इलाज की आवश्यकता अनुरूप मरीजों को जिला चिकित्सालय भी रेफर किया जाता है। हाट बाजार क्लिनिक में हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, उच्च रक्तचाप, डेंगु एवं डायरिया, मलेरिया, आरडी टेस्ट, एचआईव्ही, व्हीडीआरएल सॉल्युबिलिटी, और कोविड-19 की जांच एवं 64 प्रकार की दवाइयां भी वितरित की जाती है।

**हाट बाज़ारों हेतु एमएमयू के निर्धारित साप्ताहिक दिवस-**

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिले के कुल 17 साप्ताहिक हाट बाज़ारों में लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने हेतु एमएमयू वाहन पहुंच रही है। विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम कुडेली में सोमवार, ग्राम छिन्दडांड़ में मंगलवार, ग्राम कसरा में बुधवार, ग्राम सोरगा में गुरूवार, ग्राम जमगहना में शुक्रवार, ग्राम गदबदी में शनिवार, ग्राम कटकोना में रविवार, ग्राम चरचा में रविवार एवं ग्राम सलका में मंगलवार और विकासखण्ड सोनहत के ग्राम लटमा में सोमवार, ग्राम रजौली में मंगलवार, ग्राम सोनहत में बुधवार, ग्राम रावतसराई में गुरूवार, ग्राम रामगढ़ में शुक्रवार, ग्राम कुशहा में शनिवार, ग्राम उज्ञांव में रविवार और ग्राम कटगोडी में गुरूवार को हाट बाजार में एमएमयू वाहन उपलब्ध है।

# मनेंद्रगढ़ विधायक ने छात्राओं को किया साइकिल वितरण

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ (एमसीबी)।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के तहत मनेंद्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नावापारा पोंड़ी की लगभग 20 छात्राओं को साईकिल वितरण किया एवं अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने प्रोजेक्ट के माध्यम से कई कला कृतियां बनाई और उसका प्रदर्शन किया, जिसको देख विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।



सायकल मिल जाने से अब स्कूल आने-जाने में इन बालिकाओं को परेशानी नहीं होगी। विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल ने कहा कि हमारी कांग्रेस की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम कर रही है इसके साथ-साथ बच्चों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक के हाथों साईकिल पाकर सभी छात्राओं में ख़ुशी की लहर दिखाई पड़ी। वही विधायक ने छात्राओं का शिक्षा के प्रति अग्रसर रहने व सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम अवतार अलगमकर, पार्षद सन्नी चौहथा मौजूद रहे।

# कर्मचारी डेटा प्रविष्टि साफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण 19 अप्रैल को

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** आगामी दिनों में होने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के विधानसभा के आम निर्वाचन 2023 की तैयारी के मद्देनजर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा मतदान दलों के गठन हेतु कर्मचारी डाटा बेस तैयार करने के लिए कर्मचारी डेटा प्रविष्टि साफ्टवेयर प्रदाय किया गया है। उक्त सॉफ्टवेयर में विभागवार प्रविष्टि संबंधित विभाग के द्वारा की जानी है। कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में सभी विभागों के तकनीकी कर्मचारियों के लिये 19 अप्रैल 2023 को प्रातः 11.00 बजे से प्रशिक्षण जिला कार्यालय के मंत्रणा सभाकक्ष जशपुर में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभाग और कार्यालय प्रमुख को विभाग में पदस्थ अधिकारी को इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए संबंधित डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के साथ उपरोक्त प्रशिक्षण में अनिवार्यतः उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है, ताकि प्रविष्टि में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।

# सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में निवासरत बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू हेतु अभियान जारी

छ.ग.फ्रंटलाइन

**कोरिया।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण अधिकार ने बताया कि सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू तथा पुनर्वास हॉट स्पॉट पर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। लगातार चिन्हांकित स्थल पर सड़क एंव सड़क जैसी परिस्थितियों मे रहने वाले एवं कठिन परिस्थितियों मे अपना जीवन यापन करने वाले बच्चों का रेस्क्यू अभियान संचालित लाभ दिलाने का कार्य किया जा रहा है। शाला त्यागी बच्चों को विद्याालय से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है एवं सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर मिशन वात्सल्य योजना के प्रवर्तकता का लाभ दिलाये जाने हेतु कार्य किया विभाग, चाईल्ड लाईन, जिले में कार्यरत स्वयं सेवी संस्था, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग, मार्केट ,खडगंवा मे दुबछोला ठग्गांव मे अभियान चलाया गया। अभियान समाप्ति के उपरांत भी सतत् रूप से चिन्हांकन, पुनर्वास की कार्यवाही बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुये की कार्यवाही हेतु अभियान जारी है। अविभाजित कोरिया जिले में लगातार सड़क के किनारे रहने वाले व कठिन परिस्थितियों मे अपना जीवन यापन करने वाले बच्चो का रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है पूर्व मे संचालित अभियान अन्तर्गत जिले मे 12 बच्चों को सड़क के किनारे भीख मांगते हुये पाया गया। रेस्क्यू कर ऐसे बच्चों को देखरेख संरक्षण के लिये संस्थागत देखरेख मे रखा गया। बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया गया। मिशनवात्सल्य अन्तर्गत प्रवर्तकता कार्यक्रम का लाभ दिया गया जिसमे बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य,पोषण आहार की सुविधाये उपलब्ध करायी गयी है। 28 फरवरी 2023 से 31 मार्च 2023 तक जिले के चिन्हांकित






करते हुये 38 बच्चों का चिन्हांकन किया गया। सभी 38 बच्चों को जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन की टीम के द्वारा बाल कल्याण समिति मे समाजिक जांच प्रतिवेदन के साथ बच्चों को उपस्थित कराया जा रहा है। समिति मे बच्चों की पृष्ठभूमि का अवलोकन एवं अध्ययन करने के पश्चात् बच्चों को देखरेख एवं संरक्षण वाला बच्चा घोषित करते हुये शासन की विभिन्न योजनाओं का का जा रहा हैं। 15 वर्ष के उपर के बच्चों को लाईवलीहुड कालेज से जोड़ कर रोजगार मूलक प्रशिक्षण दिया जाने की कार्ययोजना तैयार की गयी है। पारिवारिक पृष्ठभूमि को ध्यान मे रखते हुये समिति द्वारा कठिन परिस्थितियों मे जीवन यापन करने वाले बच्चों को संस्थागत देखरेख बालगृह मे रखा जा रहा है। रेस्क्यू अभियान में पुलिस विभाग, रेल्वे, समाज कल्याण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, खाद्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अन्य संबंधित विभागो के समन्वय से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान जिले मे पटना मार्केट, बैकुण्ठपुर मार्केट, बस स्टेण्ड, चरचा के रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड मार्केट , मनेन्द्रगढ़ हाजारी चौक, मार्केट ,रेलवे स्टेशन बस स्टैण्ड, चिरमिरी, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, हल्दीबाड़ी मार्केट, बडाबाजार किया जायेगा। उन्होंने संबंधित विभाग, जनप्रतिनिधि, आमजनो से यह अपील की है, कि इस प्रकार के बच्चे मिलने, दिखने या जानकारी होने पर कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाईल्ड लाईन ट्रोल फ्री न. 1098 पर सूचित किया जा सकता है, जिस पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं चाईल्ड लाईन त्वरित कार्यवाही करेगी।

# नपद पंचायत बैकुण्ठपुर की सामान्य सभा की बैठक 17 अप्रैल को

**कोरिया।** जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 17 अप्रैल 2023 को दोपहर 01.00 बजे से अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो की अध्यक्षता में जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के सभा कक्ष में आहूत की गई है। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मत्स्य विभाग तथा चारपारा सिंचाई जलाशय की विभागीय समीक्षा होगी। इसके साथ ही 15 वां वित्त योजना के कार्यो की समीक्षा, जनपद पंचायत के द्वारा निर्मित दुकान नीलामी, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के सिंचाई जलाशय को लीज पर दिये जाने हेतु, सामाजिक सहायता योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति, जनपद पंचायत के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि का भुगतान की स्वीकृति तथा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी। सीईओ जनपद बैकुंठपुर ने सामान्य सभा की बैठक में सर्व संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का करें सतत निरीक्षण कलेक्टर

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी।** कलेक्टर पीएस ध्रुव की अध्यक्षता में बुधवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राज्य शासन की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रभारी अपर कलेक्टर एवं खड़गँवा एसडीएम श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर भी उपस्थित रहीं। बैठक में छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के संबंध में सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गई। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सर्वे का कार्य तेजी से जारी है। सभी एसडीएम को संबंधित अनुभागों में सर्वेक्षण कार्य की सतत् निगरानी के निर्देश दिए गए। इसी तरह बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन और प्रगति पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवेदन प्रक्रिया और सत्यापन में तेजी लाने निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा जिला प्रवास पर की गई घोषणाओं की







प्रगति, शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के सुचारू संचालन की जानकारी लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा राजस्व संबंधी वसूली में तेज़ी लाने के निर्देश दिये गये। जनचौपाल में प्राप्त शिकायतों के तत्काल निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिये गये। सभी अधिकारियों को छत्तीसगढ़ शासन की पीजी कैम्प पोर्टल में विभागीय योजनाओं की जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए टेस्टिंग को बढ़ाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग को ऑक्सीजन बेड, आईसीयू बेड, वेंटीलेटर बेड तथा अन्य आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक के पश्चात कलेक्टर ने जनदर्शन में लोगों की समस्या सुनी। उपस्थित लोगों ने फ़ौती, नामांतरण, बँटवारा, मुआवज़ा वितरण, रोज़गार की माँग, आर्थिक सहायता, रोड निर्माण, इंदिरा आवास से संबंधित समस्या बताई। कलेक्टर ध्रुव ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। कोविड के संबंध में कलेक्टर ने लोगों से की अपील- कलेक्टर ध्रुव ने कोविड के बढ़ते केसेस को देखते हुए आम जनता से कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। उन्होंने लोगों को भीड़ में न जाने और मास्क और सेनेटाइज़र का प्रयोग करने की अपील की। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैकरा, डीएफ़ओ लोकेश पटेल, डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत, डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश राजपूत, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं अन्य जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# मासिक पात्रिका अनटोल्ड स्टोरी के स्थापना दिवस पर परिचर्चा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एक तरफ भगवान श्रीराम का ननिहाल है तो दूसरी तरफ श्रीराम, सीता तथा लक्ष्मण ने 14 साल के वनवास का लम्बा समय छ्ग में ही गुजारा था, इसके तथ्यात्मक प्रमाण भी यहां मिले हैं। छ्ग के सीएम भूपेश बघेल की इच्छानुसार यहां जिस तरह से पूरे प्रदेश भर में राम वनगमन परिपथ योजना को लेकर काम हो रहा है, वह अपने आप में एक सराहनीय कदम है। यूं भी रामायण काल का बहुत कुछ हिस्सा जो ग्रन्थों में पढ़ने को मिलता है वो छत्तीसगढ़ की धरा पर ही है। दंडकारण्य के बारे सब जानते हैं। भगवान राम ने अपने वनवास का बहुत समय यहां बिताया । कई जगह इसके प्रमाण प्रत्यक्ष मौजूद हैं। भगवान राम का ये ननिहाल है और माता कौशल्या का जन्म स्थान भी है। रायपुर के करीब ही चंदखुरी नामक स्थान को सरकार ने संरक्षित करने के लिए करोड़ों की लागत से संवारा है। ये एक अच्छा प्रयास है। मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडे ने राम वनगमन परिपथ योजना पर आधारित एक परिचर्चा में कही। मासिक पात्रिका अनटोल्ड स्टोरी के स्थापना दिवस पर




आयोजित परिचर्चा में पांडे ने कहा कि प्रदेश में धरोहर को संवारने और संरक्षण का ये एक अच्छा भाव है। छत्तीसगढ़ में ऐसे कई स्थानों पर भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान यहां आने के प्रमाण मिलते हैं। भूपेश बघेल उन्हीं स्मृति क़ो सहेजने प्रयासरत हैं।परिचर्चा में समाजसेवी व लेखक शिव ग्वालानी ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि इस योजना से पूरे प्रदेश में एक अच्छा संदेश गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश पर्यटन के लिहाज़ से अपने आप में बहुत कुछ अपने में समाय हुए है। सरकार की राम वनगमन परिपथ योजना ने पूरे देश का ध्यान अपनी और खींचा है। परिचर्चा में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनीति से ऊपर उठाकर एक ऐसी योजना पर काम किया है जिससे आम लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

# सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का करें सतत निरीक्षण:कलेक्टर

**बढ़ते कोविड को देखते हुए कलेक्टर ने लोगों से की कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील**

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)।** कलेक्टर पीएस ध्रुव की अध्यक्षता में बुधवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित की गई।




कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राज्य शासन की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रभारी अपर कलेक्टर एवं खड़गँवा एसडीएम श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर भी उपस्थित रहीं। बैठक में छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के संबंध में सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गई। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सर्वे का कार्य तेजी से जारी है। सभी एसडीएम को संबंधित अनुभागों में सर्वेक्षण कार्य की सतत् निगरानी के निर्देश दिए गए। इसी तरह बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन और प्रगति पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवेदन प्रक्रिया और सत्यापन में तेजी लाने निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा जिला प्रवास पर की गई घोषणाओं की प्रगति, शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के सुचारू संचालन की जानकारी लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा राजस्व संबंधी वसूली में तेज़ी लाने के निर्देश दिये गये। जनचौपाल में प्राप्त शिकायतों के तत्काल निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिये गये। सभी अधिकारियों को छत्तीसगढ़ शासन की पीजी कैम्प पोर्टल में विभागीय योजनाओं की जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए टेस्टिंग को बढ़ाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग को ऑक्सीजन बेड, आईसीयू बेड, वेंटीलेटर बेड तथा अन्य आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक के पश्चात कलेक्टर ने जनदर्शन में लोगों की समस्या सुनी। उपस्थित लोगों ने फ़ौती, नामांतरण, बँटवारा, मुआवज़ा वितरण, रोज़गार की माँग, आर्थिक सहायता, रोड निर्माण, इंदिरा आवास से संबंधित समस्या बताई। कलेक्टर ध्रुव ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। कोविड के संबंध में कलेक्टर ने लोगों से की अपील- कलेक्टर ध्रुव ने कोविड के बढ़ते केसेस को देखते हुए आम जनता से कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। उन्होंने लोगों को भीड़ में न जाने और मास्क और सेनेटाइज़र का प्रयोग करने की अपील की। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैकरा, डीएफ़ओ लोकेश पटेल, डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत, डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश राजपूत, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं अन्य जिलाधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा